हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 20.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 89 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## रणनीतिक फायदे के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाये सेना : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नेतृत्व से जटिल समस्याओं का गंभीरता से समाधान सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुरूप ढलने और निरंतर बदल रहे भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक फायदे के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का शनिवार को आह्वान किया।

श्री सिंह ने शनिवार को यहां 62वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम (2022 बैच) के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों से रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया जो सोच समझकर भविष्य के संघर्षों का अनुमान लगाने, वैश्विक राजनीतिक गतिशीलता को समझने और नेतृत्व करने में सक्षम हों।

रक्षा मंत्री ने कहा, युद्ध, आज, पारंपरिक युद्धक्षेत्रों से आगे निकल गया है और अब एक बहु-डोमेन वातावरण में संचालित होता है जहां साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध पारंपरिक संचालन के समान ही महत्वपूर्ण हैं। साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे उपकरण बन गए हैं जो एक भी गोली चलाए बिना पूरे देश को अस्थिर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य नेतृत्व में जटिल समस्याओं का विश्लेषण करने और नवीन समाधान तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए।

श्री सिंह ने मौजूदा समय में तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति को सबसे महत्वपूर्ण शक्ति बताया जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा, ड्रोन और स्वायत्त वाहनों से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग तक, आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां आश्चर्यजनक गति से विकसित हो रही हैं। हमारे अधिकारियों को इन तकनीकों को समझना चाहिए और उनका उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने रक्षा अधिकारियों को एआई जैसी विशिष्ट प्रौद्योगिकियों का सर्वाधिक लाभ उठाने के बारे में गहन विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें सैन्य अभियानों में क्रांति लाने की क्षमता है। उन्होंने मानवीय हस्तक्षेप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एआई द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों के प्रारंभिक स्तर के बारे में विचार विमर्श की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में एआई पर बढ़ती निर्भरता जवाबदेही और अप्रत्याशित परिणामों की संभावना के बारे में चिंताएं बढ़ा सकती है।

श्री सिंह ने लोगों द्वारा दैनिक आधार पर उपयोग किए जाने वाले उपकरणों



और प्रौद्योगिकियों को विरोधियों द्वारा हथियार बनाने की संभावना से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ह्लकेवल यह विचार कि हमारे विरोधी उपकरणों का शोषण कर रहे हैं, उस तात्कालिकता की याद दिलाता है जिसके साथ हमें इन खतरों के लिए तैयार रहना चाहिए। एनडीसी जैसे संस्थानों को न केवल ऐसे गैर परंपरागत युद्ध पर केस स्टडी को शामिल करने के लिए बल्कि रणनीतिक नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अपने पाठ्यक्रम को विकसित करना चाहिए। पूवार्नुमान लगाने, अनुकूलन करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता लगातार विकसित होने वाली चुनौतियों का सामना करने में हमारी तत्परता को परिभाषित करेगी।

सैन्य नेतृत्व के सामने आने वाली नैतिक दुविधा के पहलू पर कि मशीनों को जीवन और मृत्यु के फैसले किस हद तक लेने चाहिए, रक्षा मंत्री ने कहा कि नैतिकता, दर्शन और सैन्य इतिहास में अकादमिक शिक्षा अधिकारियों को संवेदनशील विषय को संभालने और निर्णय लेने के लिए उपकरण प्रदान करेगी। उन्होंने वर्तमान युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य के अधिकारियों में नैतिकता पैदा करने में एनडीसी जैसे रक्षा शैक्षणिक संस्थानों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों से भू-राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सुरक्षा गठबंधनों की जटिलताओं पर गहरी पकड़ रखने का आग्रह किया, क्योंकि उनके द्वारा लिए गए निर्णयों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं जो युद्ध के मैदान से परे और कूटनीति, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे तक फैल सकते हैं।

श्री सिंह ने उभरते खतरों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत और चुस्त सेना विकसित करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि सशस्त्र बल भविष्य के लिए तैयार और मजबूत रहें, एनडीसी जैसे रक्षा संस्थान सैन्य नेतृत्व के दृष्टिकोण को आकार देने और उन्हें आधुनिक जटिलताओं से निपटने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का पाठ्यक्रम निरंतर और अनुकूलनीय रहना चाहिए ताकि क्षेत्र में अभ्यासकताओं के लिए इसकी प्रासंगिकता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आधुनिक युद्ध, नैतिक दुविधाओं और रणनीतिक नेतृत्व की चुनौतियों को न केवल चिंतन का विषय बताया, बल्कि वह नींव भी बताई जिस पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का भविष्य बनाया जाएगा।

सीखने को एक ऐसी सतत प्रक्रिया बताते हुए जो किसी पाठ्यक्रम की अवधि तक सीमित न हो श्री सिंह ने एनडीसी की पहुंच तथा प्रभाव को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर ऑनलाइन, अल्पकालिक मॉड्यूल शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, इससे अधिक अधिकारियों को, उनकी भौगोलिक स्थिति या समय की कमी के बावजूद, ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा पेश किए गए ज्ञान और विशेषज्ञता से लाभ उठाने की अनुमति मिलेगी।

### एक नजर

## लाखों नागरिकों के जीवन को सरल बनाने में मदद कर रहा डिजिलॉकर : केंद्र

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि प्रमुख ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म डिजिलॉकर लाखों नागरिकों का जीवन सरल बनाते हुए उन्हें डिजिटल उपकरणों से सशक्त बना रहा है। आईटी मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) द्वारा एक साप्ताहिक लाइव कार्यक्रम से देश भर के लाखों लोग जुड़े। इस कार्यक्रम को डिजिटल इंडिया के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने सीधे सवाल पूछे और डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा। मंत्रालय के अनुसार, विशेषज्ञों ने एक व्यापक प्रस्तुति दी और डिजिलॉकर की कार्यक्षमताओं और लाभों के बारे में गहन चर्चा की। इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में 9 ऐसे प्रतिभागियों को चुना गया, जिन्होंने डिजिलॉकर को लेकर बेहद काम के सवाल पूछे। इन प्रतिभागियों को डिजिटल इंडिया प्रश्न निंजा के रूप में मान्यता दी गई। मंत्रालय ने कहा कि इस सीरीज का उद्देश्य डिजिटल इंडिया पहल के तहत प्रमुख परियोजनाओं के बारे में बताना है और लोगों को इन परिवर्तनकारी कार्यक्रमों का प्रबंधन और संचालन करने वाले विशेषज्ञों से सीधे तौर जुड़ने का मौका देना है। सरकार ने हाल ही में उमंग ऐप को देश के डिजिटल वॉलेट डिजिलॉकर के साथ इंटीग्रेट करने की घोषणा की है, जिससे यूजर्स मल्टिपल सर्विस को एक ही सिंगल प्लेटफॉर्म से मैनेज कर सकेंगे। एनईजीडी के अनुसार, इस सहयोग का उद्देश्य नागरिकों को अधिक सुविधा प्रदान करते हुए सरकार की अधिक से अधिक सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना है।

# देश में संविधान और मनुस्मृति के बीच है लड़ाई : राहुल गांधी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को मनुस्मृति को संविधान विरोधी पुस्तक करार दिया। झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित 'संविधान सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान और मनुस्मृति के बीच की लड़ाई वर्षों से चली आ रही है।

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान की किताब भले ही 1949-1950 में लिखी गई, लेकिन इसके पीछे की सोच हजारों साल पुरानी है। भगवान बुद्ध, गुरु नानक, बाबा साहेब अंबेडकर, बिरसा मुंडा, नारायण गुरु और बसावना जैसे महापुरुषों की सोच के आधार पर इसे रचा गया है। ऐसे महापुरुष और उनकी महान सोच नहीं होती तो संविधान की रचना ही नहीं होती। इसी सोच पर आज चौतरफा हमला हो रहा है। आज संविधान की रक्षा का सवाल सबसे बड़ा है।

केंद्र की सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि संविधान पर केवल नरेंद्र मोदी और अमित शाह नहीं, बल्कि उनके साथ कई लोग मिलकर आक्रमण कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि संविधान को खोखला और खत्म कर दिया जाए। लेकिन, हम यह होने नहीं देंगे

जातीय जनगणना का संकल्प दोहराते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस देश के 90 प्रतिशत लोगों का हक एक प्रतिशत लोग मिलकर छीन रहे हैं। 90 प्रतिशत लोगों का इतिहास मिटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम हर हाल में जातीय जनगणना कराएंगे और इसके साथ ही 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को खत्म करेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पूरी स्कूली शिक्षा हिन्दुस्तान में हुई है। स्कूलों के पाठ्यक्रम में आदिवासियों के बारे में एक पूरा चैप्टर तक नहीं है। इनके इतिहास, जीने के तौर-तरीकों, उनके विज्ञान, दर्शन और राजनीति का कहीं कोई जिक्र नहीं है। दलितों के बारे में सिर्फ एक लाइन है कि उनसे छुआछूत का व्यवहार होता है। इसी तरह ओबीसी, किसान, मजदूर, बढ़ई, नाई, मोची- इन तमाम लोगों का इतिहास कहीं लिखा ही नहीं गया है, जबकि हिन्दुस्तान में 90 प्रतिशत लोग यही हैं।

देश की अफसरशाही संरचना को भेदभावपूर्ण करार देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बड़े मंत्रालयों में दलित, आदिवासी और पिछड़े अफसर नहीं के बराबर हैं। आज अगर देश में 100 रुपये खर्च करने का निर्णय लिया जाता है, तो इसमें दलितों, पिछड़ों और आदिवासी अफसरों की हिस्सेदारी बेहद कम हैं। पिछड़े वर्ग के अफसर 10 प्रतिशत, दलित अफसर मात्र एक रुपये और आदिवासी अफसर मात्र 10 पैसा खर्च करने का निर्णय ले पाते हैं।

राहुल गांधी ने मीडिया, कॉरपोरेट वर्ल्ड, ज्यूडिशियरी, लीगल सिस्टम, ब्यूरोक्रेसी से लेकर बॉलीवुड तक में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों की बेहद कम भागीदारी का सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें उनका हक और हिस्से से दूर रखा गया है।

भाजपा पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि ये लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं। इसके पीछे इनकी सोच है कि आदिवासी को उनके हक से वंचित रखा जाए। आदिवासी वे हैं, जो इस धरती पर सबसे पहले आए। संसाधनों पर सबसे पहला हक उनका है। लेकिन वनवासी कहकर उन्हें सिर्फ जंगल में रहने वाला बताया जा रहा है।

उन्होंने भाजपा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पार्लियामेंट और राम मंदिर के उद्घाटन से दूर रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि वह आदिवासी समुदाय से आती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मीडिया, चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, ब्यूरोक्रेसी से लेकर तमाम संस्थानों को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

## राहुल गांधी पहुंचे रांची, मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात



**रांची :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राहुल गांधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। फिर गांधी डोरंडा के शौर्य सभागार में सिविल सोसाइटी सहित समाज के सभी वर्गों के साथ संविधान बचाओ सम्मेलन में शामिल हुए। इससे पहले एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

## विस चुनाव : भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी, 66 के नाम का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। फिलहाल, 66 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया गया है। बाबूलाल मरांडी को धनवार से प्रत्याशी बनाया गया है। रांची से सीपी सिंह प्रत्याशी बनाए गए हैं। पोटका से अर्जुन मुंडा की पत्नी को टिकट दिया गया है।

### ये हैं भाजपा के प्रत्याशी

- रांची-सीपी सिंह
- धनवार-बाबूलाल मरांडी
- राजमहल- अनंत ओझा
- बोरियो- लोबिन हेंब्रम
- लिट्टीपाड़ा-बाबूधान मुर्मू
- महेशपुर- नवनीत हेंब्रम
- शिकारीपाड़ा- परितोष सोरेन
- नाला- माधवचंद्र महतो
- जामताड़ा- सीता सोरेन
- दुमका- सुनील सोरेन
- जामा- सुरेश मुर्मू
- जरमुंडी-देवेंद्र कुंवर
- मधुपुर- गंगानारायण सिंह
- सारठ- रंधीर सिंह
- देवघर-नारायण दास
- पौड़ैयाहाट- दवेंद्रनाथ सिंह
- गोड्डा- अमित मंडल
- महगामा-अशोक भगत
- कोडरमा-नीरा यादव
- बरकट्ठा-अमित यादव
- बरही-मनोज यादव
- बड़कागांव- रोशन लाल चौधरी
- सिमरिया- उज्जवल दास
- हजारीबाग- प्रदीप प्रसाद
- बगोदर-नागेंद्र महतो
- जमुआ- मंजू देवी
- गांडेय- मुनिया देवी
- गिरिडीह- निर्भय शाहाबादी
- बेरमो- रवींद्र पांडेय
- बोकारो- विरंची नारायण
- चंदनक्यारी-अमर बाउरी
- सिंदरी-तारा देवी
- निरसा-अर्पणा सेन गुप्ता
- धनबाद- राज सिन्हा
- झरिया-रागिनी सिंह
- बाघमारा- शत्रुघ्न महतो
- बहरागोड़ा- दिनेशानंद गोस्वामी
- घाटशिला- बाबूलाल सोरेन
- पोटका- मीरा मुंडा
- जमशेदपुर पूर्वी- पूर्णिमा दास
- सरायकेला- चंपाई सोरेन
- चाईबासा- गीता बलमुचू
- मझगांव- बड़कुंवर गगरई
- जगन्नाथपुर-गीता कोड़ा
- चक्रधरपुर-शशिभूषण समद
- खरसांवा- सोनाराम बोदरा
- तोरपा- कोचे मुंडा
- खूंटी-नीलकंठ सिंह मुंडा
- खिजरी-रामकुमार पाहन
- हटिया-नवीन जायसवाल
- कांके-जीतू चरण राम
- मांडर- सन्नी टोप्पो
- सिसई-अरुण उरांव
- गुमला- सुदर्शन भगत
- विशुनपुर- समीर उरांव
- सिमडेगा- श्रद्धानंद बेसरा
- कोलेबिरा- सुजान जोजो
- मनिका- हरेकृष्ण सिंह
- लातेहार-प्रकाश राम
- पांकी- कुशवाहा शशि भूषण मेहता
- डालटनगंज- आलोक चौरसिया
- विश्रामपुर- रामचंद्र चंद्रवंशी
- छत्तरपुर- पुष्पा भुईंया
- हुसैनाबाद- कमलेश सिंह
- गढवा- सत्येंद्र तिवारी
- भावनाथपुर- भानू प्रताप शाही

## मतदान कार्य में लगे मतदाताओं का उनके योगदान के साथ फॉर्म 12 ऑटो जेनरेट करें : के. रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु फॉर्म 12 एवं 12ऊमतदाताओं द्वारा भरा जाना है। इसकी सूची तैयार करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अबसेंटी वोटर, फिजिकली डिसेबल्ड एवं सीनियर सिटीजन के द्वारा फॉर्म 12ऊ भरा जाना है। वहीं जिन मतदाताओं का निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है। वह आज सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि 20 अक्टूबर को मुख्यालय स्तर पर सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल की पहली बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में अपने जिले में प्राप्त वैसे सभी फॉर्म, जो अन्य जिलों से संबंधित हैं, उसे बैठक में संबंधित जिलों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु सभी कार्यों के लिए कैलेंडर तैयार है। उसके अनुपालन के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य कराना सुनिश्चित करें।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अर्हता रखने वाले एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें, इसे लेकर ससमय आवंटित कार्यों का निष्पादन करें। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा से सम्बन्धित कुल 16 सेवाएं चिह्नित हैं। उसमें रेलवे परिवहन (यात्री और माल) सेवा, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं, बिजली विभाग, बीएसएनएल, डाक और टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी समितियां, स्वास्थ्य विभाग, विमानन, अग्निशमन सेवाएं, यातायात पुलिस, एम्बुलेंस सेवा, जेल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और पत्र सूचना कार्यालय के लोग शामिल हैं।

## झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग लगभग पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। शेष सीटों पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे। इस हिसाब से 11 सीटों का बंटवारा राजद और माले के बीच होगा।

सोरेन शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि फिलहाल पहले चरण में ये बातें तय की गई हैं। सोरेन ने कहा कि सीट शेयरिंग में हर पहलू पर ध्यान रखा गया है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी गठबंधन अपने-अपने ताल ठोक रहे हैं। कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इसकी जिज्ञासा बनी रहती है। इंडिया गठबंधन ने चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है। अब लेफ्ट पार्टी की भूमिका अहम होगी। जल्द ही नाम भी तय कर लिए जाएंगे कि कौन कहां से लड़ेगा।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीट शेयरिंग लगभग फाइनल है। पार्टी उम्मीदवारों का नाम फाइनल करने में जुटी है। जल्द ही इसका ऐलान कर दिया जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल का वाहन दुर्घटनाग्रस्त पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल, एक रांची रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के खोड़ाहर स्थित चार माइल कदवा के पास शनिवार को स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों से भरा एक टाटा मैजिक ट्रेलर से टकरा गया, जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायल बच्चों को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चें काफी बुरी तरह घायल हो गए है। वहीं एक बच्चे को रांची रेफर कर दिया गया है। प्रमुख मनोज रजक व उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि स्कूल की वैन कदवा से बच्चों को छोड़कर वितरित दिशा से पांचमाईल की ओर आ रही थी और इसी कारण ट्रेलर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल वाहन की सुरक्षा के कोई पुख्ता



इंतजाम नहीं थे। गंभीर लापरवाही की वजह से यह दुर्घटना हुई, जिससे बच्चों की जान पर बन आई। दुर्घटना की खबर सुनकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दुर्घटना के बाद स्कूल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल वाहन की स्थिति ठीक नहीं थी और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि वैन में जरूरत से ज्यादा बच्चों को बैठाया गया था जिससे संतुलन बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। वहीं उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही सुरक्षा मानकों को लेकर उन्होंने विद्यालय को आगाह किया था। उन्होंने बताया कि इसमें पूर्ण रूप से स्कूल प्रशासन की लापरवाही है। वहीं बच्चों के इलाज के लिए मदद में लगे रहे। उन्होंने सभी बच्चों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहीं दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बरही क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं में हो रही वृद्धि ने अभिभावकों के बीच डर और चिंता का माहौल बना दिया है। कई अभिभावकों ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि स्कूल वाहनों के लिए सख्त सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। दुर्घटना में अपलिसी कश्यप (12 वर्ष), आलेख टोप्पो (11 वर्ष), अनुज टोप्पो (7 वर्ष), कोमल कुमारी (12 वर्ष, कुंडवा), इशांत कुमार (12 वर्ष, दौरवा)। इशांत कुमार को गंभीर हालत में रांची रेफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वे चाहते हैं कि प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। बरही क्षेत्र में आए दिन हो रही इस तरह की घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अभिभावक अब अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## एक नजर

### रफीक अंसारी ने अटल विचार मंच से चुनाव लड़ने के लिए दिया आवेदन



**बड़कागांव :** बड़का गांव प्रखंड अंतर्गत हाहे ग्राम निवासी रफीक अंसारी ने अटल विचार मंच से बड़कागांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का घोषणा किया है। अंसारी ने दूरभाष पर बताया कि अटल विचार मंच से चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने आवेदन पार्टी सुप्रीमो पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के पास जमा किया है। रफीक अंसारी ने कहा की मैं अटल विचार मंच के बैनर तले विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर लिया हूं। आगे बताया कि 1995 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मै चुनाव लड़ा था और 8,773 वोट मिला था। उन्होंने कहा कि बीजेपी में मैं जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि ,प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जैसे दायित्व को निभा चुका हूं। अब मैं अटल विचार मंच के बैनर तले जनता की सेवा करूंगा ।

### विधानसभा चुनाव को लेकर बीडियो ने किया निरीक्षण

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बड़कागाँव उरीमारी के सीमावर्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसमें वीडियो जितेंद्र कुमार मंडल ने उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम को सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।साथ ही साथ बीडिओ मंडल ने कहा कि बड़कागाँव विधानसभा चुनाव को लिकर हजारीबाग जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्र को शील कर गहनता पूर्वक वाहनों की जांच की जा रही है ।इसे लेकर उरीमारी मार्केट चेक पोस्ट के समीप में जिला प्रशासन के द्वारा चेकनाका बनाया गया है ।उन्होंने यह भी बताया कि डीएभी पब्लिक स्कूल उरीमारी में सीआईएसएफ जवानों के ठहरने हेतु विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। और विद्यालय प्रबंधन को साफ सफाई अधिकारियों के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया ।उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि बड़कागाँव विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। जिसके लेकर पूरी तैयारी की जा रही है। इस मौके पर बड़कागाँव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, उरीमारी ओपी थाना प्रभारी रामकुमार राम, सहित पुलिस सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### शोधार्थियों ने सौंपा कुलपति को निवेदन पत्र

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तीन विभागों के अध्यक्ष एवं दो वरीय शिक्षकों के स्थानांतरण से शोधार्थी हतप्रभ नजर आ रहे हैं। शोधार्थियों ने कुलपति से निवेदन किया है कि इन शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी अधिसूचना पर यथाशीघ्र पुनर्विचार करने की कृपा की जाय क्योंकि इन शिक्षकों से शोध की दिशा में हमें काफी सकारात्मक एवं ठोस दिशानिर्देश प्राप्त होते रहे हैं। इनके स्थानांतरण से हमारा शोध कार्य दुष्प्रभावित तो होगा ही साथ ही शोध से संबंधित द्वितीयक स्रोतों एवं नई सामग्रियों की जानकारी नहीं हो पाएगी। साथ ही अध्ययन, अध्यापन इत्यादि अनेकों कार्य इनके नहीं होने से प्रभावित होंगे ।साथ ही जिन विभागो के शिक्षको का स्थानांतरण किया गया उन विभागो मे शिक्षको की कमी पुर्व से बनी है, और इन सभी विभागो मे शोधाथीयी द्वारा शिक्षण कार्य किया जा रहा है। शिक्षको की कमी के कारण इनका अनुसंधान कार्य प्रभावित होगा।

# बरही एसडीओ ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेकनाकों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** आसन्न विधानसभा चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने बरही के विभिन्न चेकनाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वाहनों की सघन जांच की गई और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, ताकि चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। एसडीओ टुडू ने चेकनाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के लिए वाहनों की जांच बेहद जरूरी है। पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वाहनों की जांच पूरी सतर्कता के साथ की जाए, ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु चुनावी प्रक्रिया में



बाधा न डाल सके।

**चुनावी आचार संहिता का सख्ती से पालन अनिवार्य**

एसडीओ ने यह भी सुनिश्चित किया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निदेर्शों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन जरूरी है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, बाहरी तत्वों पर कड़ी नजर रखने की हिदायत दी गई ताकि चुनावों में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप न हो। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना और उसे मजबूत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान शांति बनाए रखना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी चेकनाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुरक्षा के प्रति प्रशासन की सख्ती**

एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि इन निरीक्षणों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना है। इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की चुनावी गड़बड़ी या हिंसा की संभावना को समय रहते खत्म किया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान एसडीओ के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल भी मौजूद थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि चुनाव की तिथियों के करीब आते ही सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो सके।चुनाव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी।

### नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बरही और बरकट्ठा में कुल चार फॉर्म बिके

**बरही :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन प्रपत्र खरीदने और भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। नामांकन प्रपत्र बिक्री के दूसरे दिन बरही विधानसभा से दो और बरकट्ठा विधानसभा से भी दो फॉर्म बिके। बरही से फॉर्म खरीदने वालों में जेएलकेएम के कृष्ण कुमार यादव पिता बंशी यादव और निर्दलीय अर्जुन प्रसाद केशरी पिता स्व. जगदीश प्रसाद केशरी शामिल हैं। वहीं बरकट्ठा से निर्दलीय संतोष नायक पिता लेखराज नायक और कुमकुम देवी पति यमुना साव ने नामांकन पत्र खरीदा है। इससे पहले शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन बरही विधानसभा से दो और बरकट्ठा विधानसभा से तीन फॉर्म बिक चुके थे, जिससे प्रत्याशियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का संकेत मिल रहा है।

# बरही के समाजसेवी अविनाश आर्या ने अपने कार्यों से बनाई नई पहचान

प्रदीप कुमार सिन्हा

**हजारीबाग :** कहते हैं कि युवा देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए सक्षम हैं आज के दौर में युवा हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं ऐसे ही एक युवा समाजसेवी अविनाश आर्या बरही क्षेत्र में निरंतर अपनी सक्रियता के साथ साथ लोगों के बीच विभिन्न सामाजिक कार्यों से अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। समाजसेवा के बारे में अविनाश आर्या का कथन है कि मैं नेता नही बरही का बेटा हूँ, मेरी कोशिश है कि अपनी माटी की तस्वीर बदलनी चाहिए। बरही में अविनाश आर्या के द्वारा सामाजिक रूप से कई बड़े छोटे कार्य किया गया जिसमें बरही क्षेत्र




के 51 बेटियों का सामुहिक विवाह कराया जो एक मिशाल बन गया जिसकी सराहना हर वर्ग समुदाय व राजनीतिक दल के लोगों ने किया आपको बताते चलें कि अविनाश आर्या के द्वारा बुजुर्ग अविभावको को कराया तीर्थ यात्रा एवं निःशुल्क कांवर यात्रा, निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन एवं प्रत्येक तीन माह पर आयोजित करने का संकल्प, रोजगार मेले का किया गया आयोजन। जिसमे टाटा, आईफोन, हिताची जैसे मल्टीनेशनल कम्पनीयों में तथा मेक इन इण्डिया के तहत स्थानीय युवाओ का चयन, मेधावी छात्र-छात्राओ के लिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा, हर टोला में महालक्खी टोला कोचिंग की सुविधा, समाज के लिए समर्पित शिक्षको को सम्मानित करने के लिए किया गया विशेष शिक्षक सम्मान समारोह, खेल के प्रति प्रोत्साहन हेतु युवाओ के लिए खेल-कुद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

## बीडीओ व सीओ ने बरही के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद इससे जुड़ी तैयारियों को लेकर बरही प्रखंड प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। शनिवार को बरही बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू ने प्रखंड के गौरियाकरमा 278, 279, 280, 281, 282, खोड़ाहर 283, 284, केदारुत 294, 295, 296, 297, 298, 299, करसो 289, 290, 291 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथ नम्बर 282 में बिजली की व्यवस्था नही रहने पर इसे व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। वहीं बूथ संख्या 280 में शौचालय नही रहने पर तत्काल इसपर पहल करने का निर्देश दिया। बीडीओ जयपाल महतो व सीओ



अमित किस्कू ने मतदान केंद्रों पर बड़ी बारीकी से बिजली, पेयजल, शौचालय, सड़क, रैंप समेत अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में जो कमी है, उसे समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। मतदाताओं के किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर सुरेंद्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, चालक अताउल्लाह मौजूद थे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर प्रतिनियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) द्वारा हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक घोडके रोहित रमेश (आईआरएस), योगेश कुमार (आईआरएस) एवं ए.मणिमरन (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। 19 अक्टूबर (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम




के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा, साथ ही अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (स्थळ) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करने के साथ साथ निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करने की बात कही।

## संक्षिप्त खबरें

### चतरा सांसद से मनीष जायसवाल ने रिम्स में की मुलाकात

**हजारीबाग :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह झारखंड की राजधानी रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती हैं। पीछले रविवार को अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और चतरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें



रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सीय इलाज में उन्हें पता चला कि उन्हें कार्डिएक अरेस्ट आया फिर उन्हें तत्काल स्टेंट लगाया गया। जिसके बाद वे ठीक है और यहां इलाजरत हैं। शनिवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने रिम्स पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से चतरा सांसद कालीचरण सिंह के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए पूर्व विधायक ने मांगा समर्थन



**चौपारण :** झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनाने व बरही से कमल खिलाने के लिए पूर्व विधायक ने जनता से मांगा जनसमर्थन। इस दौरान पुर्व विधायक ने सेलहारा पंचायत के हपवा, हपवा हरिजन टोला, पथरा और बसरिया गाँव के ग्रामीणों से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। पुर्व विधायक ने कहा कि पूरे राज्य में परिवर्तन की लहर है। झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनेगी। ग्रामीणों ने भाजपा के पक्ष मतदान का वादा किया है। इस दौरान सेलहारा मुखीया प्रतिनिधि कैलाश पासवान, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, बसरिया पुर्व मुखिया नरेश पासवान, समिति सदस्य सुरेन्द्र रजक, प्रतिनिधि युगल तुरी, उपमुखिया प्रवीण सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, सुदेव यादव, बिनोद सिंह, योगेश सिंह, दिलीप सिंह, नरेंद्र पांडेय, रामचंद्र रजक, पिन्टू सोनी, मुन्ना केशरी, प्रेम पासवान, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पत्रकार ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



**बड़कागांव :** प्रखंड के बी.एम. मेमोरियल स्कूल के उपनिर्देशक सह पत्रकार पिंटू कुशवाहा दिनकर एवं प्रीति कुमारी ने अपने प्रथम पुत्र सम्राट पृथ्वीराज के द्वितीय जन्मदिन पर शनिवार को छायादार व फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। पिंटू कुशवाहा ने कहा कि प्राचीन काल से एक वृक्ष सौ पुत्र के समान कहा जाता रहा है। यदी हमें स्वस्थ रहना है तो पेड़-पौधों की रक्षा करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जीवन में कम से कम 1 से 2 पौधा अवश्य लगाये और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में अपना अहम भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक वृक्ष मां के नाम का प्रयास शुरू किया है। जिसे सभी लोगों को मां के नाम एक पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाए। आगे उन्होंने कहा कि हमारे घर के जितने भी सदस्य हैं सभी के जन्म दिवस के मौके पर एक-एक वृक्ष लगाते हैं। मौके पर प्रभु दयाल महतो, प्रोफेसर वासुदेव प्रसाद, गीता भारती, पिंटू कुमार, सोनम कुमारी, प्रिंस कुमार, निक्की कुमारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### वन प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक विशाल और डीपीएस के शिक्षक रंजन कुमार पर हमला

**हजारीबाग :** कनहरी पहाड़ी का क्षेत्र दिन में प्रेमी जोड़ी और संध्या में नशेड़ियों, अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है। हर दिन यहां मारपीट और छिनतई की घटना हो रही है। ताजा मामला शुक्रवार संध्या करीब सात बजे की है, जहां कनहरी ओवरब्रिज के समीप वन प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक विशाल कुमार और डीपीएस विघालय के शिक्षक रंजन कुमार दास पर अज्ञात हमलावर ने अचानक हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। विशाल कुमार तथा रंजन कुमार किसी तरह स्कूटी चलाकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और इलाज कराने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। विशाल कुमार को सर में पांच टांके लगे है, वहीं रंजन कुमार दास को एक टाका लगा है। इस हमले में रंजन कुमार की आंख बच गई। वही विशाल कुमार को सर में मल्टीपल कट हुआ है। जानकारी के अनुसार हर दिन विशाल कुमार प्रशिक्षण केंद्र में जाते है। शुक्रवार को वे लौटने के दौरान ओवरब्रिज के नीचे खड़े थे। इसी क्रम में पीछे से आए युवक ने गले से चैन छिनने का प्रयास किया। इसी दौरान सिर में लोहे के किसी नुकिले वस्तु से सिर पर वार कर दिया। इसके बाद जब विशाल कुमार चिल्लाए तो पास खड़े रंजन कुमार मुड़े और लपकने का प्रयास किया, इसी कड़ी में रंजन पर भी युवक ने वार कर दिया और उनकी आंख के उपर बुरी तरह कट गया। रात के अंधेरे में विशाल कुमार ने आवाज देते हुए युवक को पकड़ने की कोशिश की । परंतु वह जंगल की ओर भाग गया और रात के अंधेरे में घायल विशाल कुमार आरोपित को खोज नहीं सके। विशाल ने बताया कि युवक की उम्र करीब 30 साल की होगी और जींस पहने हुए था। वह अपने चेहरे को ढका हुआ था तथा टोपी पहन रखा था। जिस कारण उसकी पहचान नहीं कर सके। घटना के बाद अस्पताल में कई लोग पहुंच गए और देर रात इलाज के बाद दोनों को छुट्टी कर दिया। इस बाबत कोर्रा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### इकलौते पुत्र की मृत्यु से पूरे प्रखंड में शोक की लहर

**चौपारण :** प्रखण्ड के दादपुर पंचायत के सिंहपुर में एक परिवार पर शुक्रवार को दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता के मृत्यु के आठ माह बाद घर का इकलौता चिराग भी अपने बूढ़ी माता और आठ माह की गर्भवती पत्नी को रोते बिलखते छोड़ इस संसार से चल बसा। मिली जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व ही सिंहपुर का अंकुश कुमार सिंह उम्र 30 वर्ष पिता स्व गरीब सिंह हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के बजरंगी चौक स्तिथ सतीश प्लाई दुकान में काम करने गए थे। इसी बीच शुक्रवार को लगभग डेढ़ बजे दुकान के गोदाम से प्लाई उतारने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हादसे के बाद दुकान संचालक ने घायल अंकुश को शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल हजारीबाग लेकर आया पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद संचालक ने परिजनों को इसकी सूचना दी।

## एक नजर

### पीएनबी ने कैंप लगाकर कटे फटे पुराने नोट को बदला

**धनबाद:** बाजार समिति चेंबर के द्वारा पीएनबी बैंक के सहयोग से कैंप का आयोजन किया गया सभी व्यापारियों के सहयोग से कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ पीएनबी एवं आरबीआई की पूरी टीम को बहुत-बहुत आभार जिन्होंने 1,17,000 का कटे फटे पुराने नोट को बदला एवं करीब 3 लाख का करेंसी नोट एवं सिक्के का वितरण किया। अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने कहा पुन: चेंबर के द्वारा व्यापारियों के सुविधाओं के लिए इस तरह का अन्य आयोजन किया जाएगा।

### खो खो खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आज

**बोकारो** : झारखंड राज्य को को संगठन की ओर से 18 वन जूनियर स्टेट को को चैंपियनशिप बालक और बालिका खिलाड़ियों का आयोजन कोडरमा में 3 नवंबर से लेकर 5 नवंबर तक किया जाएगा यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला खो खो संगठन के सचिव सुमित कुमार मलिक ने बताया कि बोकारो जिला खो खो टीम के गठन को लेकर जिला के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 20 अक्टूबर रविवार को सेक्टर 12 से खो खो ग्राउंड में किया गया है इस चैनल ट्रायल में जिले के विभिन्न स्कूलों के 18 वर्ष से कम आयु वर्ग का खिलाड़ी हिस्सा लेंगे चयंत्र में हिस्सा लेने खिलाड़ियों का जन्म तिथि 31 दिसंबर 2006 को 18 वर्ष से कम होने अनिवार्य है खिलाड़ियों का आयु व ऊंचा ए तथा वजन के अनुसार 250 अंक से ज्यादा नहीं होना चाहिए चैन साल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का शहर बोकारो जिला खो खो टीम के लिए किया जाएगा क्या बोकारो जिला खो खो टीम कोडरमा में आयोजित होने वाले झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर राजश्री को को चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

### चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**बोकारो** : बीजीएच के पास से बीते 16.10.2024 को एक ग्लैमर मोटरसाईकिल गाड़ी संख्या जेएच 09 एर 24550 चोरी हो गई । इसके आलोक में चोरी की शिकायत पीड़ित द्वारा सेक्टर 4 थाने को दी। पीड़ित द्वारा सेक्टर-4 में कांड संख्या- 121/2024 बुधवार 16.10.2024 मामला दर्ज किया गया था। तथा पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयकर के निर्देश पर सीटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में सेक्टर 4 थाना प्रभारी संजय कुमार ने संयुक्त टीम गठित कर लगातार सूचना के आधार पे छापेमारी की जा रही थी इसी दौरान शुक्रवार को छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना मिली की चोरी की गई ग्लैमर बाईक दो अपराधियों के पास देखा गया है जिसके निशान देही पर उक्त छापेमारी कर दोनों अपराधियों शिवम् कुमार, उम्र 20 वर्ष पिता मनोहर मालाकार, रामनगर कॉलोनी चास का है वही दूसरा अभियुक्त मनोज कुमार तिवारी उम्र 27 वर्ष पिता बांके तिवारी , बालीडीह पेट्रोल पंप शिवपुरी कॉलोनी को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया जिसके पास से एक अन्य स्कूटी भी बरामद की गई। जो कि बिना नंबर प्लेट का मिला । गिरफ्तार किए अपराधियों से पूछताछ की जा रही है कि और कौन-कौन इस वारदात में शामिल है और अभी तक कितने बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं । इस छापेमारी दल में शामिल सदस्य का नाम सेक्टर 4 थाना प्रभारी संजय कुमार स0अ0नि0 बसंत टोपो , आरक्षी-1099 मंजय कुमार सिंह ,आरक्षी - 1070 मुकेश कुमार राय , आरक्षी- 939 मो0 इलयास अंसारी मौजूद रहे।

# ईसीआरकेयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद ने क्रू लॉबी धनबाद में एक जनसंपर्क अभियान किया। जिसमें भारी संख्या में लोको पायलट लोको सहायक पायलट और ट्रेन मैनेजर के उपस्थित में संपन्न हुआ। यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हमारा फेडरेशन एआईआरएफ जिसकी स्थापना सन 1924 में हुआ,और हम इस वर्ष शताब्दी समारोह मना रहे हैं और एआईआरएफ भारत मे सबसे पुराना मजदूर संगठन में से एक है एआईआरएफ से संबद्ध यूनियन ईसीआरकेयू को पिछले दो चुनाव वर्ष 2007 एवं वर्ष 2013 के चुनाव में जीतकर आई थी। इस वर्ष 2024 में भी ईसीआरकेयू निश्चित रूप से विजई होगी क्योंकि यह यूनियन रनिंग कर्मचारी और रेल कर्मचारी हित में अनेकों काम किए हैं साथ ही साथ आठवें वेतन आयोग का गठन और यूपीएस में सुधार संघर्ष जारी रहेगा।आज का इस सभा में केंद्रीय संगठन मंत्री नेता जी सुभाष,सोमेन दत्ता मंडल चुनाव प्रभारी श्री राजेश कुमार महासचिव मंडल युवा समिति के राकेश प्रसाद धनबाद शाखा दो के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी एन के खवास धनबाद तीनों शाखा के शाखा सचिव बीके दुबे आरके सिंह जे के साव के अलावे बी.के.सिंह, सुदर्शन महतो, सुबोध कुमार सिंह, एम.के.मुकेश, अरुण कुमार दास, प्रभाकर कुमार, अजय कुमार, एस.के.सिन्हा, विनय कुमार, एम.आसारी, ललीतेशवर कुमार, धनंजय कुमार, अमीत कुमार, बबलु यादव, मुन्ना सिंह, उदय सिंह, प्रेम रंजन, रामप्रवेश, राकेश महतो, संतोष कुमार, संजय शर्मा, राधवेंद्र कुमार, इजहार आलम, अमरजीत यादव, रूचि कुमारी, दिलीप कुमार, विमान मंडल, पिंटू नंदन, शिवजी प्रसाद, भानु प्रकाश, विद्या भूषण, अर एन विश्वकर्मा रंजीत यादव और विश्वजीत मुखर्जी उपस्थित थे।

## फ्रेंड्स क्लब की और से महाकाली महोत्सव पूजा का हुआ भूमि पूजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मजदूर मैदान स्थित श्री श्री महाकाली महोत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक फ्रेंड्स कल्ब द्वारा आयोजित होने जा रहा है। जिसका भूमि पूजन आज दिनांक 18 अक्टूबर को विधिवत संपन्न हुआ। साथ ही फ्रेंड्स क्लब के श्री कृष्ण कुमार मुन्ना जी की अध्यक्षता में हुआ। काली पूजा कमेटी गठन किया गया। जिसमें इस वर्ष काली पूजा संपन्न कराने हेतु अध्यक्ष प्रभात कुमार, महामंत्री गौतम सिंह ,चीकू , उपाध्यक्ष त्रिलोचन मिश्रा, संदीप राय सचिन श्वेत शेखर ,प्रदीप शर्मा कोषाध्यक्ष उपेंद्र नारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह, मेला प्रभार धनंजय सिंह, विकास विधान, चंदन सिंह सह मेला प्रभारी पिंटू कुमार ,जयशंकर सिंह व्यवस्थापक बाबू ,विकास रवि प्रकाश, टिंकू संरक्षक विजय कुमार,प्रेमनाथ पांडे ,अनूप सिंह सदस्य संजय, बृजेश, विनय ,राजीव आदि का चयन किया गया। कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें 06 अक्टूबर 2024 तारीख को प्रात हवन एवं कुंवारी कन्याओं के पूजन के पश्चात संध्या 4:00 बजे माता के प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। यह माता के पूजाका 54 वां वर्ष होगा, माता यहां पर स्वयं जागृत होकर अपने बच्चों का कल्याण करती हैं एवं उन्हे सुख शांति निरोग एवं समृद्धि प्रदान करती हैं। माता से अपनी मनोवांछित फल पाने हेतु दूर दराज से लोग आते है माता दोनो हाथों उनकी झोली भर देती है।

## लोहरदगा विस सीट के लिए देवर भाभी ने खरीदा नामांकन पर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा** : लोहरदगा 72 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए दूसरे दिन तक कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्रों की खरीदारी की है। इधर शनिवार को कुल 4 नामांकन पत्रों की खरीद की गई, जिसमें नामांकन क्रय करने वालों में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अभिनव सिद्धार्थ और झारखंड पीपुल्स पार्टी से अनिल कुमार भगत व पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बिहारी भगत एवं आजसू पार्टी के नीरू शांति भगत ने प्रपत्र की खरीदारी की है। यहां पर बता दें कि झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई हैं और आजसू पार्टी से लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरी नीरू शांति भगत कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी हैं। ऐसे में देवर भाभी के चुनावी मैदान में उतरने से लोहरदगा विधानसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है।

## प्रेस क्लब के सदस्यों ने पत्रकार अजय तिवारी को दी श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद प्रेस क्लब द्वारा गांधी सेवा सदन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पत्रकार स्व.अजय तिवारी को उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर, उनके तस्वीर पर उपस्थित अखबार के संपादकों प्रेस क्लब के पदाधिकारीओं व सदस्यों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । श्रद्धांजलि सभा में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने कहा की स्वर्गीय अजय तिवारी मिलनसार एवं मृदु स्वभाव के व्यक्ति थे। पत्रकारिता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सहभागिता रहती थी। इस दुख की घड़ी में समस्त धनबाद प्रेस क्लब स्वर्गीय अजय तिवारी के परिवार के साथ खड़े है। वहीं उन्होंने समस्त पत्रकार साथिओं से आग्रह किया कि दो पहिया वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट का प्रयोग करने की अपील की।सनद रहे कि गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में दैनिक भास्कर अखबार के पत्रकार अजय तिवारी निवासी की मौत हो गयी थी जानकारी के अनुसार वह अपने कार्यालय से काम खत्म होने के बाद मध्यरात्रि अपने निवास स्थान 99 कोयलांचल सिटी जा रहे थे। इसी क्रम में 8 लेन रोड स्थित लेमन चिल्ली के पास अचानक जानवर के आने से अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिर गये और फिर अचेत हो गये. जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया,तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि सभा में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा महासचिव अजय प्रसाद वरिय उपाध्यक्ष शशी भूषण राय, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, सचिव संजय चौरसिया, मोहम्मद ऐनूल विश्वजीत चटर्जी, अम्बर कलश, आनंद महतो, रमेश तिवारी, कन्हैया लाल, बिजय मिश्रा, श्रवण सिंह,बरुन बैध समेत धनबाद प्रेस क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शहर के पॉक्स इलाका बारी को ऑपरेटिव मे दो पक्षों के बीच हुई विवाद मे कई राउंड गोलियां चली। हालांकि घटना मे किसी की हतहत होने की खबर नहीं है। घटना सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के बारी को ऑपरेटिव कॉलोनी मे घटी है। मालूम हो की आवास संख्या 192 मे काशीनाथ सिंह निवास करते है, जहां कुछ जमीन खाली पड़ा है, उस जमीन को लेकर काशीनाथ सिंह एवं अर्जुन प्रसाद के बीच दोनों दावे कर रहे है। आज अर्जुन प्रसाद करीब 50 लोगों के साथ आया तथा घुसकर लगाए गये सीसीटीवी उखाड़ते हुए घरेलू सामानो को भी तोड़ दिया तथा गृहस्वामी के मुताबिक हवा मे गोलिया चलाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दिया है, थाना प्रभारी ने गोलीबारी की घटना से इंकार कर दिया है, साथ ही काशीनाथ सिंह के घर से डिवीआर ले गई है ताकि मामले की सच्चाई सामने आये। थाना प्रभारी आस पास मे बसे लोगों से पूछताछ कर रही है तथा अन्य सीसीटीवी कैमरे खांगले जा रहे है.घटनास्थल पर तोड़े गये कई समान बिखरे पड़े है।

# नगर आयुक्त ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ कार्यालय कक्ष में एक बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है तथा एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं, जिन तक पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने कहा की इन्फ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। स्वीप कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई, साथ हीं उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने को भी आमंत्रित किया। इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी के माध्यम से, ब्लॉगर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। नगर आयुक्त ने चुनाव के इस महापर्व में सभी इनफ्लुएंसरों को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील किया। उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं एवं सभी से वोट करने की अपील भी करें। सोशल मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु तरह-तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने हेतु भी अपील की गई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की एक टीम बनाई है जो मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, एसएमपीओ सुश्री विनीता कुमारी, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर जिशान कादरी, सनातन महतो, शांभवी कुमारी, समेत अन्य मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### डीनोबली स्कूल सीएमआरआई के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में दी सेवा



**धनबाद:** डीनोबली स्कूल सीएमआरआई में सामाजिक सेवा सप्ताह योजना के तहत कक्षा 12वीं सेक्शन सी के छात्रों को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम भेजा गया। स्कूल प्रशासन द्वारा एकत्रित वस्तुओं के साथ कक्षा 12 वीं सेक्शन सी के छात्रों ने भी आने वाली सर्दियों के लिए वृद्ध लोगों को आराम प्रदान करने हेतु दो इलेक्ट्रिक पानी के गीजर का उदारतापूर्वक दान किया। साथ में चावल, दाल, बिस्किट, टूथपेस्ट,शैंपू डिटर्जेंट पाउडर, आटा समेत अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं प्रदान किए। छात्रों ने वृद्धजनों संग आश्रम में कुछ घंटे बिताए। छात्रों ने नाश्ता तैयार किया, गीत गाए और आश्रम के निवासियों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया। वहां भेजे गए समूह का हिस्सा होने के नाते स्कूल की प्रिंसिपल तानुश्री बनर्जी और शिक्षकों का योगदान था कि उन्होंने विद्यार्थियों को वृद्धजनों की सेवा का ऐसा शानदार अवसर प्रदान किया। यह छात्रों के लिए एक अद्भुत अनुभव था और यह सभी छात्राएं एक यादगार पल है जिसे हम सभी जीवन भर संजोकर रखेंगे। आश्रम में प्रिंसिपल तनुश्री बनर्जी वाइस प्रिंसिपल सुभाशीष घोष,ताहिरा नाजरीन शिक्षकों में प्रतिभा कुमारी और प्रमित दत्ता ने वृद्धजनों की सुध बुध ली। आश्रम के कार्यकारिणी अध्यक्ष बी.सुधीर का डीनोबली स्कूल प्रबंधन को लालमणि आश्रम में आश्रित वृद्धो की सेवा में छात्रों को प्रेरित करने का अहम योगदान था। आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने डीनोबली स्कूल प्रबंधन को इस सेवा सम्मान के लिए धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया।

### सीआईएसएफ की बहाली में धनबाद पहुंचे अभ्यर्थी की मौत



**धनबाद** : पूर्व में झारखंड में उत्पाद सिपाही की बहाली में कई अभ्यर्थियों की मौत हुई थी। वहीं अब सीआईएसफ की बहाली में पहुंचे एक अभ्यर्थी ने दौड़ के बाद दम तोड़ दिया है। सरायढेला स्थित कोयला नगर में सीआईएसएफ की शारीरिक परीक्षा चल रही थी। शुक्रवार को दौड़ आयोजित की गई थी।दरअसल डाल्टनगंज के रहने वाले कर्म देव कुमार सीआईएसएफ की शारीरिक परीक्षा में शामिल हुए थे। दौड़ के बाद मेडिकल के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे आनन फानन में एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को उसके परिजन अस्पताल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम हाउस ले गए, जहां शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि कर्मदेव के पिता का नाम विजय राम है। पिता दिहाड़ी मजदूरी का काम करते है। कर्मदेव के भाई और दो बहन हैं। दो भाईयों में वह बड़ा था। बीए पार्ट वन में अभी पढ़ाई कर था, साथ ही मैट्रिक के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाता था। घर की जिम्मेदारी कर्मदेव के कंधों पर ही थी। घर की आर्थिक स्थित अच्छी नहीं है।

### बीसीसीएल प्रबंधन अपने दायित्व से नहीं मुकरे : रागिनी सिंह



**झरिया:** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शनिवार को झरिया विधानसभा के बस्ताकोला बंगाली कोठी, सात नंबर ओर बस्ताकोला शिव मन्दिर के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। रागिनी सिंह ने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उसको हल करने का काम किया जाएगा। लोगों को बुनियादी अधिकार देना होगा, चाहे वह कोई भी हो। खासकर बीसीसीएल प्रबंधन अपने दायित्व से नहीं मुकरे। नियमानुसार जो भी सुविधाएं हैं, उसे लोगों को देने का काम करें।

### बाल विवाह, बच्चों के अधिकारों का हनन, कानून पर अमल के लिए किया दिशा निर्देश जारी



**बोकारो:** देश में बाल विवाह कानून पर एक ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के प्रभावी तरीके से कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि बाल विवाह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार को छीनता है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सहयोगियों सोसाइटी फॉर एनलाइटेनमेंट एंड वालंटरी एक्शन (सेवा) और कार्यकर्ता निर्मल गोरानी की याचिका पर आए इस फैसले का स्वागत करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से देश में बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को मजबूती मिलेगी और हम राज्य सरकार से अपील करते हैं कि वह इन दिशानिर्देशों पर तत्काल प्रभाव से अमल करे ताकि 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। सहयोगिनी देश के 200 से ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक अहम सहयोगी है जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने फैसले में कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार व प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी दिशानिर्देशों में स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं और पंचायतों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार का अहम औजार बताते हुए बाल विवाह की ज्यादा दर वाले इलाकों में स्कूली पाठ्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित उपायों की जानकारियां शामिल करने को कहा गया है।

## एक नजर

### विस चुनाव को लेकर डीसी और एसएसपी ने किया चेकपोस्ट का निरीक्षण

**रांची :** विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार देर रात मुरी चेकपोस्ट, झारखंड बंगाल बॉर्डर एवं दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार भी उपस्थित थे। उपायुक्त और एसएसपी चेक पोस्ट में तैनात पुलिस पदाधिकारी को अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, नगदी की धर-पकड़ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मौजूद थाना प्रभारी सिल्ली को निर्देश देते हुए कहा की अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर विशेष नजर रखें ताकि चुनाव में कोई गड़बड़ी ना हो। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन करते हुए निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने तथा चुनाव प्रचार के अत्यधिक व्यय, नगद एवं सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असमाजिक तत्वों इत्यादि पर निर्वाचन के दौरान रोकथाम एवं व्यय अनुश्रवण पर निगरानी रखने के लिए चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।

### ट्रक के नीचे सोए खलासी की दब कर मौत

**चतरा :** टंडवा के आम्रपाली परियोजना के एक नंबर बैरियर के समीप शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ। परियोजना में कोयला लोडिंग के लिए आया एक ट्रक वाहन? (बीआर 24 जीबी 2972) ट्रक लेन में बने गड्ढे में फंस गया। इसको निकालने के लिए चालक व खलासी दोनों प्रयास कर रहे थे। जब काफी मशक्कत के बाद ट्रक बाहर नहीं निकला तो खलासी ने ट्रक के पिछले हिस्से के टायर के नीचे पत्थर डालकर ट्रक को निकालने का प्रयास कर रहा था। तभी पत्थर के नीचे उसका हाथ दब गया और फिर चंद सेकेंड में पूरा शरीर गाड़ी के नीचे आ गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक खलासी की मौत हो गई थी। घटना में खलासी की मौत के बाद मौजूद ट्रक चालकों एवं अन्य लोगों में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृतक खलासी के शव को ट्रक के नीचे से बाहर निकलवाया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। वाहन के चालक एवं खलासी आपस में चाचा भतीजे थे।

# निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में अहम : संदीप सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार सिंह ने कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता के नैतिक मतदान के प्रति सजग होने से निर्वाचन की प्रक्रिया में सुगमता आएगी। वह शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय आर्ट 81 फेस्टिवल के समापन समारोह में कलाकारों एवं युवा मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे। अपर निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में आए सभी कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से यहां के युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के साथ मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए मनोरंजक तरीके से मतदाताओं के बीच मतदान के प्रति जागरुकता फैलाई जाती है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा लाईव पेंटिंग के माध्यम से झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों को दशार्या गया। साथ ही कार्यक्रम में आए विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। नुक्कड़ नाटक ग्रुप में जेवियर कॉलेज प्रथम, मारवाड़ी कॉलेज दूसरे एवं वीमेंस कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। ग्रुप डांस में मारवाड़ी कॉलेज (टीम ए) प्रथम, जेवियर कॉलेज द्वितीय, वीमेंस कॉलेज (टीम ए) तृतीय। ग्रुप सॉन्ग में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी प्रथम, डोरंडा कॉलेज द्वितीय रहा। डिबेट में सलोनी कुमारी एवं प्रणव राम प्रथम, हरमन नदीम एवं ईशा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे। कविता में नूर अफ्शा प्रथम, अविनाश कुमार द्वितीय श्रुति कुमारी तृतीय रहे। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मारवाड़ी कॉलेज को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिला। इस अवसर पर डीडीसी दिनेश यादव, सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## पुलिस ने झारखंड-बंगाल की सीमा पर किया औचक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली/मुरी :** आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भय मुक्त वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से तथा निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने हेतु अंतरराज्यीय सीमा पर स्थापित मुरी पुरुलिया अंतर राज्यीय सीमा पर पुलिस निरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक अनुज उरांव सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर और मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार भी उपस्थित थे। पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा सीमा पर तैनात पुलिस पदाधिकारी को अवैध हथियारों की आवाजाही, अवैध सामग्री का आवागमन, गोला बारूद, शराब, अन्य नशीली मादक वस्तुएं, चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य वस्तुएं तथा नगदी की धड़ पकड़ करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी विशेष नजर रखने का भी निर्देश दिए। सीमा पर तैनात पदाधिकारी को आने जाने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर मुरी ओपी के अवर निरीक्षक मणि भूषण पासवान समेत सशस्त्र बल मौजूद रहे।

## चैनपुर में ऑटो दुर्घटना में पांच वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत, एक बच्चा घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के प्रेम नगर खोपा टोली के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक ऑटो दुर्घटना में 5 वर्षीय मासूम अभिषेक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 3 वर्षीय रितिक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कार्तिक चिक बड़ाइक ने बताया कि वे सभी डुमरी प्रखंड के पूटरूंगी गांव से ऑटो में किसी काम से चैनपुर आये थे। परिवार के बाकी लोग चैनपुर में मार्केटिंग करने रुक गए। वहीं, ऑटो चालक मृतक के चाचा बसंत कुमार के साथ अभिषेक कुमार, रितिक कुमार और कार्तिक ऑटो में डीजल लेने छतरपुर स्थित पेट्रोल पंप गए थे। वापसी के दौरान प्रेम नगर खोपा टोली के पास अचानक एक बैल दौड़कर ऑटो में घुस गया, जिससे ऑटो की टक्कर बैल से हो गई। स्थानीय स्कूली बच्चों की मदद से ऑटो चालक बसंत के द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर डी एन ठाकुर ने अभिषेक कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ऋतिक कुमार को बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी दल बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं, ऑटो चालक बसंत कुमार को प्राथमिकी में ले लिया है। पुलिस ने ऑटो को कब्जे में लेकर थाना ले लाई है। इस दर्दनाक घटना ने परिवार को गहरा झटका दिया है। मृतक अभिषेक कुमार के परिजनों को सांत्वना देने के लिए लोग पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रोजगार को धरातल पर लाने के लिए करें वोट : शालिनी गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने शनिवार को डोमचांच के सांस्कृतिक भवन में चुनावी बैठक की। वे आगामी 24 अक्टूबर को अनुमंडल कार्यालय में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगी। इस सभा में उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में वे कुछ ही मतों से हार गई थीं, लेकिन इस बार वे जनता के सहयोग से विजय पताका फहराएंगी।शालिनी गुप्ता ने कहा कि कोडरमा को शिक्षा का हब बताया जाता है, लेकिन स्थिति इसके विपरीत है। जेजे कॉलेज का स्थानांतरण हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय से गिरिडीह के जेसी बोस विश्वविद्यालय में करने की योजना है, और पॉलिटेक्निक कॉलेज भी कोडरमा से जयनगर स्थानांतरित हो चुका है। उन्होंने कहा कि मौजूदा जनप्रतिनिधि यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि वे विपक्ष में हैं और प्रशासन उनकी बात नहीं सुनता। शालिनी गुप्ता ने वादा किया कि वे सेवा के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल और रोजगार के मुद्दों पर काम करेंगी। माइका और क्रेशर उद्योगों को पुनर्जीवित कर पलायन को रोकने का रोडमैप तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई प्रमुख नेताओं ने शालिनी गुप्ता का समर्थन किया। कवलजीत सिंह ने कहा कि शालिनी गुप्ता ने पिछले पांच वर्षों में हर दरवाजे पर जाकर जनता की समस्याओं को समझा और उनकी मदद की। उन्होंने 1.25 लाख मतों से शालिनी को जीताने का संकल्प लिया। साजिद हुसैन लल्लू ने कहा कि जनता इस बार परिवर्तन चाहती है और शालिनी गुप्ता को समर्थन देने के लिए तैयार है।कोडरमा नगर पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष कुलबीर सलूजा, पूर्व वार्ड पार्षद दिलीप शर्मा ने भी जनता से अपील की कि वे विकास और रोजगार के लिए शालिनी गुप्ता को वोट दें। पवन सिंह ने कहा कि सेवा शालिनी गुप्ता का दूसरा नाम है, और इस बार मतदाताओं को दिखाना होगा कि उनका बूथ सबसे ज्यादा मत शालिनी के पक्ष में देगा।

## झारखण्ड का नवनिर्माण जयराम महतो ही कर सकते हैं : पारश नाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह खिजरी के पूर्व प्रत्यासी पारश नाथ उरांव अपने सैकड़ों महिला पुरुष समर्थकों के साथ जेएलकेएम कार्यालय में पार्टी का दामन थामा। आगे कार्यक्रम में कहा कि मै आजसू पार्टी में विगत कई वर्षों से काम कर रहा था लेकिन जिस उद्देश्य से पार्टी में एक सच्चा सिपाही के रूप में काम कर रहा था। लेकिन पूर्वजों ने झारखंड का सपना देखा और जो सम्मान मिलना चाहिए ओ नहीं मिला। मौके पर केंद्रीय उपाध्याच मार्शल उर्फ जलेश्वर महतो केंद्रीय महामंत्री जितेंद्र महतो केंद्रीय संगठन महा सचिव सूरज नारायण महतो केंद्रीय सदस्य भोला महतो रांची जिला अध्यक्ष आलोक उरांव महानगर अध्यक्ष संजय महतो जिला सचिव दीपक महतो युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सीव राज सिंह प्रखंड अध्याछ सुधांशु कुमार महतो सचिव जीतवाहन महतो गोतम प्रकाश लकड़ा सरिता तिर्की राम पोदो महतो राकेश महतो गाबेस्वर महतो बीरबल महतो राजेश महतो सुनील महतो राजगीर करमाली आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरला बिरला विवि की दो छात्राओं ने यूजीसी-नेट परीक्षा में किया क्वालीफाई

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय की छात्रा अनुश्री हेंब्रम और कामिनी कुमारी को यूजीसी-नेट परीक्षा में क्वालीफाई करने में सफलता मिली है। इस आशय की जानकारी विवि के यौगिक साइंस और नेचुरोपैथी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक अमरेंद्र दत्त द्विवेदी ने दी। विभाग के 2022-24 बैच की दोनों छात्राओं को यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में हासिल हुई है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के शिक्षकगणों को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### मुरी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो लाख रुपये किया बरामद



**सिल्ली/मुरी :** मुरी पुरुलिया अंतर राज्यीय सीमा पर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुरी पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की उपस्थिति में वाहन जांच किया जा रहा था। इसी क्रम में वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से दो लाख रुपए पुलिस ने बरामद किया। बरामद रुपए के संबंध में चार पहिया वाहन के मालिक से पुलिस गहनता पूर्वक पूछताछ कर रही है।

### रामानंद बेदिया ने सिल्ली विधानसभा से पेश की दावेदारी



**सिल्ली :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सिल्ली विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से चुनाव लड़ने हेतु शनिवार के दिन रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की उपस्थिति में विधानसभा सिल्ली 61 से अपना दावेदारी पेश किया।

### बड़कागांव चुनाव में हो सकती है गैंगस्टर की एंट्री, अमन साहू लड़ना चाहते हैं इलेक्शन

**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा चुनाव में राजनेताओं के साथ-साथ गैंगस्टर की भी एंट्री हो सकती है। कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू इसी सीट से चुनाव लड़ना चाहता है। इसके लिए उसने न सिर्फ अपनी इच्छा जाहिर की है, बल्कि उसने चुनाव आयोग के गाइडलाइन के आधार पर प्रयास करना भी शुरू कर दिया है। यहां तक की उसने अपने वकील हेमंत सिकरवार से पूरी प्रक्रिया को अपनाने की सहमति भी जाहिर कर दी है। अमन साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जेल में बंद है। वहां शनिवार को उनके वकील हेमंत सिकरवार पहुंचे। नॉमिनेशन फॉर्म की एक डमी फाइल भी उनके पास मौजूद थी। यह डमी फाइल यह बताने के लिए थी कि किस तरीके से पूरी प्रक्रिया अपनानी है और नामांकन पत्र किस तरीके से भरा जाना है। अमन साहू के वकील हेमंत सिकरवार ने बताया कि अमन साहू को चुनाव लड़ने में कई अड़चन हैं। लेकिन ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने अपना फैसला दिया है। हेमंत सिकरवार ने बताया कि सबसे पहले छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट से उन्हें अमन साहू को चुनाव लड़ने के लिए परमिशन लेनी होगी। वहीं से उसे पुलिस फोर्स की मौजूदगी में रामगढ़ में जाकर नॉमिनेशन फाइल करना होगा। अगर यह परमिशन नहीं मिलता है तो मुश्किल है आ सकती हैं। इसके अलावा अमन साहू को फिलहाल दो मामलों में 2 साल से अधिक की सजा हो चुकी है। अगर इस आधार पर नामांकन दर्ज किया जाएगा तो वह भी रद्द हो सकता है। अगर हाई कोर्ट उन दोनों सजाओ पर रोक लगा देती है तो अमन साहू के लिए चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो जाएगा। हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने यह भी कहा कि उन्होंने शुक्रवार को ही पिटीशन फाइल कर मेंशन कराने की कोशिश की, लेकिन संभव नहीं हो पाया। सबसे बड़ी अड़चन समय को लेकर है। बड़कागांव विधानसभा में 25 अक्टूबर तक ही नामांकन दर्ज करने की तिथि निर्धारित है।

**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची।**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 78/24–25 .**

झारखण्ड विधान सभा चुनाव–2024 के अवसर पर विभिन्न जिलो में ई0 वी0 एम0 कोषांग, वाहन कोशांग, डिस्पैच केन्द्र, मतगणना केन्द्र, बज्रगृह इत्यादि में होने वाले अस्थायी विद्युतीकरण कार्यो हेतु अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्रधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 25.10.24 (1.00 बजे अपराह्न तक।)
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, विद्युत कार्य अंचल, रॉची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 26.10.24 को 1.00 बजे अपराहण तक नगर नियंत्रण कक्ष में
4. निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान:– दिनांक 26.10.24 को 2.00 बजे अपराहण में, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 500/–, 750/–,1250/–, 2500/– 5,000/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 339310 Energy(24-25)D

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु बृहत्तर सहभागिता"
**समाहरणालय, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**आम–सूचना**

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित लातेहार जिला अंतर्गत 073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा के लिए निर्वाचन व्यय अनुश्रवण हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही जिला स्तर पर सहायक व्यय प्रेक्षक की भी विधानसभावार प्रतिनियुक्ति की गयी है। व्यय प्रेक्षक/सहायक व्यय प्रेक्षक से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | व्ययप्रेक्षक का नाम | पदनाम | मोबाईलसंख्या | मिलने का पता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Sri Suni Mathews, IRS | व्ययप्रेक्षक | 9263861631 | परिसदन, लातेहार |
| 02 | Sant Kumar Bhagat Director, SBI RSETI, Latehar | सहायक व्यय प्रेक्षक (073 मनिका) | 8494904466 | – |
| 03 | Rajiv Kumar Mandirwar LDM, SBI, Latehar | सहायक व्यय प्रेक्षक (074 लातेहार) | 7992445206 | – |

अतएव लातेहार जिला के सभी आम नागरिकों/राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधियों से अपील है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत/सूचना उपरोक्त मोबाईल संख्या पर दी जा सकती है तथा प्रत्येक कार्य दिवस को (उपलब्धता के आधार पर) व्यय प्रेक्षक से पूर्वाह्न 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे के मध्य मिलकर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339297 (Election) 24-25 (D)

## एसआईओ देश भर में छात्रों के शैक्षिक, आध्यात्मिक और नैतिक विकास के लिए है प्रयासरत : सैफ अहमद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** ओरमांझी छात्र संगठन एसआईओ का 42वां स्थापना दिवस शनिवार को चकला यूनिट में उत्सव व उमंग के साथ मनाया गया,इस अवसर पर एसआईओ संगठन का झंडा तोलन किया। इस अवसर पर एसआईओ चकला यूनिट के सदर ए मकामी सैफ अहमद ने एसआईओ के 42 साल मुकम्मल होने पर पूर्व और वर्तमान छात्रों को बधाई देता देते हुए कहा कि 42 साल पहले शुरू हुए कारवां की सफलता देश के गली कुचे में देखने को मिल रहा हैं। स्टूडेंटस इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया पिछले 42 वर्षों से देश भर में छात्रों के शैक्षिक, आध्यात्मिक और नैतिक विकास के लिए प्रयासरत है, वहीं उन्होंने आगे कहा कि एसआईओ ने ऐसे व्यक्तियों को तैयार किया है, जिन्होंने सामाजिक और बौद्धिक रूप से अपने समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की गहरी भावना पैदा कि है। छात्र समुदाय के बीच एसआईओ की पहुंच इसकी विचारधारा और समाज पर इसके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए कसौटी है। एसआईओ मुल्क हिंदुस्तान की हम जरूर बन गई है,जो समाज में फैली बुराई को दूर करने से लेकर देश के बड़े से बड़े शैक्षिक समस्याओं को दूर करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है.वहीं एसआईओ के अब्दुल करीम अंसारी ने एसआईओ का तराना पढ़ने के बाद कहा कहा कि एकता भाईचरगी शांति एसआईओ के संदेश का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व है, जो इसके झंडे में प्रकट होता है। अध्ययन, संघर्ष, सेवा के माध्यम से एसआईओ युवा पीढ़ी को समाज में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। एसआईओ एक फलदार वृक्ष का रूपक हो सकता है जो समाज के किसी भी व्यक्ति के लिए फल देता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जमाअत ए इस्लामी हिंद चकला यूनिट के अमीर ए मकामी इसराईल अंसारी, चकला अंजुमन के सदर अबुल हसन अंसारी, नायब सेक्रेटरी जाबिर अंसारी, एस के पूर्व सदर मकामी मोहसीन आलम, अबू रेहान अंसारी, सईद अंसारी, अमन अहमद सहित जूनियर एसआईओ के बच्चे मौजूद थे।

# करवाचौथ सुहागिनों द्वारा पति की रक्षा का महापर्व!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

**सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में करवा माता की पूजा और कथा सुनती है, फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्घ्य देकर व्रत खोलती है।करवा चौथ के दिन सुबह स्नान आदि करें इसके बाद उपवास संकल्प लें। मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये। इस मंत्र को बोलकर संकल्प लें।यह संकल्प लेकर पूरे दिन निर्जला रहकर व्रत किया जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रख चंद्रमा की पूजा करती हैं।**



महिलाएं प्रतिवर्ष अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सुखद जीवन और उनकी जीवन रक्षा के लिए करवाचौथ का व्रत करती हैं। यह उपवास निर्जला होता है। इस दिन महिलाएं एक-दूसरे के घर जाकर एकत्रित होती हैं। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व व्रत का आरंभ करती हैं और रात को चांद के निकलने पर पूजा-अर्चना करते हुए उपवास समाप्त करती हैं।इस वर्ष यह व्रत 20 अक्तूबर को मनाया जा रहा।करवा चौथ के दिन चंद्रोदय 20 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 55 मिनट पर होगा।इस साल कार्तिक माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से होगा, जो अगले दिन 21 अक्टूबर 2024 को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगी।चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर सुबह 06 बजकर 46 मिनट से शुरू होगी और 21 अक्टूबर को सुबह 04 बजकर 16 मिनट पर समापन होगा।

सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में करवा माता की पूजा और कथा सुनती हैं, फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं।करवा चौथ के दिन सुबह स्नान आदि करें इसके बाद उपवास संकल्प लें। मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये। इस मंत्र को बोलकर संकल्प लें।यह संकल्प लेकर पूरे दिन निर्जला रहकर व्रत किया जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रख चंद्रमा की पूजा करती हैं। इसके साथ ही करवा चौथ पर भगवान शिव, मां पार्वती, गणेश और कार्तिकेय जी के अलावा करवा माता की पूजा का भी विधान है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, करवा चौथ का व्रत रखने और विधि-विधान के साथ पूजा करने से दांपत्य जीवन में मधुरता आती है और पति-पत्नी का रिश्त अटूट होता है। इसके अलावा पति की लंबी आयु के लिए भी करवा चौथ का व्रत रखा जाता है।

इसके बाद गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं।इसके बाद आठ पूरियों का अठावरी बनाएं। साथ में कुछ मीठा और पकवान बनाएं इसके बाद पीली मिट्टी से गौरी माता की प्रतिमा बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं।गौरी की लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उसपर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग आदि सामग्री माता पार्वती को अर्पित करें।पूजा के समय जल से भरा एक लोटा रखें।बायना देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें।रोली से करवे पर स्वास्तिक बनाएं। माता गौरी भगवान गणेश और करवा माता की विधिवत पूजा करें।करवे पर 12 बिंदी रखें और गेहूं चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें। कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ से पानी घूमाकर अपनी सास-जी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें।रात में चंद्रमा निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। इसके बाद पति से आशीर्वाद प्राप्त करे।

करवाचौथ का उपवास सूर्योदय से पहले शुरू होता है जिसे चांद निकलने तक रखा जाता है।इस उपवास में सांस अपनी बहू को सरगी देती है।इस सरगी को लेकर बहुएं अपने व्रत की शुरूआत करती हैं।

इस व्रत में शाम के समय शुभ मुहूर्त में चांद निकलने से पहले पूरे शिव परिवार की पूजा की जाती है।चांद निकलने के बाद महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं और अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोलती हैं। करवाचौथ पर सुबह सूर्योदय से पहले उठ जाएं। सरगी के रूप में मिला हुआ भोजन करें पानी पीएं और भगवान की पूजा करके निर्जला व्रत का संकल्प लें।करवाचौथ में महिलाएं पूरे दिन जल-अन्न कुछ ग्रहण नहीं करतीं फिर शाम के समय चांद को देखने के बाद दर्शन कर व्रत खोलती हैं।करवाचौथ की एक कथा भी है, एक साहूकार के सात बेटे और उनकी एक बहन करवा थी। सभी सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्यार करते थे। यहां तक कि वे पहले उसे खाना खिलाते और बाद में स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी।

शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो देखा उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत है और वह खाना सिर्फ चंद्रमा को देखकर उसे अऱ्घ्य देकर ही खा सकती है। चूंकि चंद्रमा अभी तक नहीं निकला है, इसलिए वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है।सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जाती और वह दूर पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख देता है। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चतुर्थी का चांद उदित हो रहा हो।इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चांद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देने के बाद भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चांद को देखती है, उसे अऱ्घ्य देकर खाना खाने बैठ जाती है।वह पहला टुकड़ा मुंह में डालती है तो उसे छींक आ जाती है। दूसरा टुकड़ा डालती है तो उसमें बाल निकल आता है और जैसे ही तीसरा टुकड़ा मुंह में डालने की कोशिश करती है तो उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है।

उसकी भाभी उसे सच्चाई से अवगत कराती है कि उसके साथ ऐसा क्यों हुआ। करवा चौथ का व्रत गलत तरीके से टूटने के कारण देवता उससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने ऐसा किया है।

सच्चाई जानने के बाद करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक साल तक अपने पति के शव के पास बैठी रहती है। उसकी देखभाल करती है। उसके ऊपर उगने वाली सूईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है।एक साल बाद फिर करवा चौथ का दिन आता है। उसकी सभी भाभियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियां उससे आशीर्वाद लेने आती हैं तो वह प्रत्येक भाभी से यम सूई ले लो, पिय सूई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने का कह चली जाती है।

इस प्रकार जब छठे नंबर की भाभी आती है तो करवा उससे भी यही बात दोहराती है। यह भाभी उसे बताती है कि चूंकि सबसे छोटे भाई की वजह से उसका व्रत टूटा था अतः उसकी पत्नी में ही शक्ति है कि वह तुम्हारे पति को दोबारा जीवित कर सकती है, इसलिए जब वह आए तो तुम उसे पकड़ लेना और जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कह कर वह चली जाती है।

सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ लेती है और अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है।

अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अंगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुंह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार प्रभु कृपा से उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है।कुंवारी लड़कियां करवा चौथ का व्रत एक अच्छे वर की तलाश में रखती है। जहां सुहागिन इस व्रत में चंद्रमा की पूजा करती है तो वहीं, कुंवारी लड़कियां तारों को पूजती हैं।

## संपादकीय

### एक कदम आगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा से नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने के संकेत मिल रहे हैं। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने पाकिस्तान गए थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने उद्घाटन भाषण में न तो कश्मीर का जिक्र किया और ना ही भारत के विरुद्ध किसी तरह का तीखा बयान दिया। आम तौर पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर के मुद्दे पर विवादित बयान देने से शहबाज पीछे नहीं हटते। अभी पिछले ही दोनों संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर को लेकर उन्होंने विवादास्पद बयान दिया था। विदेश नीति के जानकारों का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच रिश्ते बहाल हो। लोगों को याद होगा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की पिछले वर्ष गोवा में हुई बैठक भारत-पाक के बीच वाक युद्ध में बदल गई थी। वास्तव में एससीओ में पाकिस्तान को शामिल किए जाने के बाद भारत ज्यादा उत्साहित नहीं था। इन दोनों देशों की तकरार से एससीओ के पटरी से उतरने का खतरा था। इसे देखते हुए रूस और चीन ने सी प्लस 2 को आकार दिया था। मध्य एशिया के पांच देशों कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ रूस और चीन इस मंच में शामिल हैं। इन देशों की यूरेशिया क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर सामान चिंता है और रणनीतिक हितों में मेल है। एससीओ यदि यूरेशिया क्षेत्र में सुरक्षा का कोई नया ढांचा खड़ा करने की पहल करता है तो यह अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए चिंता का विषय होगा। जहां तक भारत का सवाल है तो वह इस क्षेत्र को अपना विस्तारित पड़ोसी क्षेत्र मानता है। हाल के दिनों में जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस भूभाग के साथ भारत के रणनीतिक हित जुड़े हुए हैं। जाहिर है एससीओ एक ऐसा मंच है जहां से भारत अपने रणनीति खेतों का संरक्षण कर सकता है। इसलिए भारत चाहता है कि एससीओ की सक्रियता एवं जीवंतता बनी रहे। अगर भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बहाल होते हैं तो एससीओ की प्रासंगिकता भी भारत के लिए बनी रहेगी। भारत का नजरिया साफ है। अगर पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद पर पुख्ता तौर पर लगाम लगाए तो नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने पर गंभीरता से विचार कर सकता है। एससीओ की बैठक में पाकिस्तान ने भारत के प्रति सकारात्मक रूप प्रदर्शित किया है और भारत ने भी उसका सम्मान किया है। आने वाले दिनों में पता चल जाएगा कि इस दिशा में कहां तक प्रगति होती है।

## चिंतन-मनन

### जीवन का अर्थ बताती है अर्थी

जीवन भर व्यक्ति इसी सोच में उलझा रहता है कि उसका परिवार है, बीवी बच्चे हैं। इनके लिए धन जुटाने और सुख-सुविधाओं के इंतजाम में हर वह काम करने के लिए तैयार रहता है जिससे अधिक से अधिक धन और वैभव अर्जित कर सके। अपने स्वार्थ के लिए व्यक्ति दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी तैयार रहता है। जबकि हर व्यक्ति के शरीर में आत्मा रूप में बसा ईश्वर गलत तरीके से, दूसरों को अहित पहुंचाकर लाभ पाने के लिए मना करता है। लेकिन जब व्यक्ति आत्मा की बात नहीं सुनता है तो आत्मा मौन धारण कर लेती है। आत्मा को उस दिन का इंतजार रहता है जब व्यक्ति अर्थी पर पहुंचता है। इस समय व्यक्ति को जीवन का अर्थ और आत्मा की कही बातें याद आती है। लेकिन इस समय पश्चाताप के अलावा कुछ और नहीं बचता है। सब कुछ मिट्टी में मिल चुका होता है। आपने मृत व्यक्ति को बांस की फट्टियों पर लेकर जाते हुए कभी न कभी जरूर देखा होगा। बांस की फट्टियों पर जिस पर शव को लिटाया जाता है इसे अर्थी कहते हैं। अर्थी को उठाने के लिए चार कंधों की जरूरत पड़ती है। जब व्यक्ति की अर्थी उठायी जाती है उस समय आत्मा मृत व्यक्ति से कहती है देखो, तुम्हारी यही औकात है। तुम्हें खुद सहारे की जरूरत है, तुम झूठा अहंकार करते रहे कि तुम लोगों को आश्रय दे रहे हो। जिन लोगों के लिए तुम दिन रात धन-वैभव जुटाने में लगे रहे। आज वह संगी साथी परिवार तुम्हें विराने में ले जाकर अग्नि में समर्पित कर देगा। जीवन का मात्र यही अर्थ है। इसलिए अर्थी को जीवन का अर्थ बताने वाला कहा गया है। अर्थी ले जाते समय लोग जोर-जोर से नारे लगाते हैं राम नाम सत्य है, सब की यही गत्य है। नारे लगाने वाले लोग मृत व्यक्ति को और दुनियां को यह बताता है कि वास्तविक सत्य राम का नाम है। अंत में सभी की यही गति होनी है। इसलिए प्रभु का नाम भजते हुए ईमानदारी और सहृदयता के साथ जीवन जीना चाहिए।

## शेर आया... जैसी बम की फर्जी धमकियां एक गंभीर समस्या



डॉ हिदायत अहमद खान




बचपन में एक झूठे गड़रिये की कहानी शेर आया शेर आया शीर्षक से स्कूल में सुनी और पढ़ी थी। इस कहानी के केंद्र में झूठा गड़रिया था जो गांव वालों का ध्यान आकर्षित करने के लिए शेर आने की झूठी अफवाहें फैलाता था, लेकिन जब वाकई शेर आ गया तो उसकी बात पर किसी को यकीन नहीं हुआ और इस तरह उस झूठे गड़रिये की कहानी का अंत हो गया। यह शिक्षाप्रद कहानी झूठ नहीं बोलने या अफवाह फैलाने से बचने के लिए सबक देती है। इस कहानी की याद इस वक्त इसलिए आ गई कि देश में बम की फर्जी धमकियों के मामलों ने एक रिकॉर्ड बना लिया है। स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, रेल और सरकारी दफ्तरों में बम होने की झूठी अफवाहें फैलाने वाले अब एयरलाइंस को अपने निशाने में ले रखे हैं। इस साल विभिन्न भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइट्स को अभी तक करीब 400 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां कह रही हैं कि इससे पहले तक तो इस तरह के धमकी भरे कॉल इतनी तादाद में कभी नहीं मिले। यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड बनाने जैसा हो गया है। पर इससे क्या, क्योंकि एक बम की फर्जी धमकी भी बहुत ज्यादा नुकसान करने वाली साबित होती है। बम की एक फर्जी धमकी से जहां एयरलाइंस को करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं यात्रियों को होने वाली परेशानियों का तो आंकलन भी नहीं किया जा सकता है। इस लिहाज से बम की फर्जी कॉल्स एक बेहद गंभीर और खतरनाक समस्या बन गई है। यह न केवल सुरक्षा बलों और प्रशासन के लिए चुनौती उत्पन्न कर रही है, बल्कि व्यापारिक व सामाजिक सामान्य कामकाज को भी बाधित कर रही है। इस प्रकार के धमकीभरे कॉल व संदेश के कारण कई बार सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, ऑफिसों, और यहां तक कि ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों समेत हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है। ऐसी स्थितियां ना केवल जान-माल के नुकसान की संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि अनावश्यक तनाव और भय का माहौल भी पैदा करती हैं।

सामान्य सी बात है कि जब कहीं बम होने की फर्जी सूचना होती है, तो पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आती हैं। बम स्क्वॉड और सुरक्षा दल उस स्थान को खाली करवाते हैं और गहन जांच शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया में समय, संसाधन और मानवशक्ति की भारी बबार्दी होती है। वास्तविक आपात स्थितियों के लिए तैनात किए जाने वाले बलों का भी एक तरह से दुरुपयोग होता है। ऐसे में अन्य महत्वपूर्ण स्थालों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है। सबसे बड़ी और अहम बात यह है कि ऐसी घटनाओं से समाज में सुरक्षा को लेकर अविश्वास और अनिश्चितता की भावना को बढ़ावा मिलता हैं। स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में तो इस तरह के फर्जी कॉल का प्रभाव विशेष रूप से गंभीर देखने को मिलते हैं। पढ़ाई रोक कर बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाना, माता-पिता व अन्य परिजनों का तनावग्रस्त हो जाना। यह सब भी असुरक्षा की भावना भरने जैसी बात होती है। ऐसे हालात से गुजरने वाले मानसिक तनाव का शिकार होते हैं, जिनकी मनःस्थिति भी विकट हो जाती है। इसलिए इस तरह की धमकियों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। विमान में बम की झूठी धमकी से जो परेशानियां होती हैं, उसमें करोड़ों का खर्च हो जाता है। धमकी झूठी होने के बावजूद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, फिर पूरे विमान और यात्रियों को जांच प्रक्रिया से गुजारना, इसके बाद विमान को सेवा में वापस लाने के लिएऑपरेटिंग क्रू की नई जोड़ी की व्यवस्था करना कम चिंता की बात नहीं है। एयरलाइंस अधिकारियों की मानें तो ऑपरेटिंग क्रू, फ्लाइट के जेएफके एयरपोर्ट तक नहीं पहुंचने से यात्रियों को परेशानी होती है। इसी दौरान कोई यदि बीमार है या बीमार हो जाए तो एक अलग तरह की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कहते हैं कि पिछले हफ्ते से तो मानों बम की फर्जी धमकियों की बाढ़ सी आ गई है। गुरुवार देर रात तक करीब 40 बम की झूठी धमकियां मिली हैं, जिससे एयरलाइंस को भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ा है। ऐसा नहीं है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियां इस दिशा में कुछ नहीं कर रही हैं, लेकिन जो हुआ है अब तो वो नाकाफी साबित हुआ है। यह सच है कि सरकार व सुरक्षा एजेंसियों ने बम की फर्जी कॉलों के प्रति कठोर कदम उठाए हैं। इस तरह के फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन मामले कम होने की बजाया और बढ़ते जा रहे हैं, जिससे यह संदेश जा रहा है कि फर्जी धमकी देने वालों का रोकने में कहीं न कहीं हम सभी से चूक हो रही है। कई दफा तो शरारती तत्व या असंतुष्ट व्यक्ति व नाबालिग भी सभी का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसी कॉल कर देते हैं। इन्हें भी सबक देने और ऐसा नहीं करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके लिए समाज को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। ऐसे में सभी को बताना होगा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल होना न केवल अपराध है, बल्कि यह समाज के लिए भी हानिकारक है। शेर आया शेर आया जैसी झूठी अफवाहों से बाहर निकलने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सही जानकारी उपलब्ध कराना भी एक सहयोगी कदम हो सकता है।

## वांगचुक अनशन : हिमालय बचाने की जद्दोजहद



सुरेश भाई

देश के जाने-माने पर्यावरणविद् व मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक हिमालय की आवाज को बुलंद करने के लिए लेह से 1000 किमी पैदल चलकर 3 सितम्बर को दिल्ली पहुंचे। मार्च 2024 में भी उन्होंने अपने हजारों समर्थकों के साथ लंबा उपवास किया था, लेकिन इस बार जब वे पैदल दिल्ली पहुंचे तो उनके 150 से अधिक पैदल यात्रियों को दिल्ली सिंघू बॉर्डर पर ही गिरफ्तार किया गया। बाद में 2 अक्टूबर को छोड़ भी दिया गया। इस व्यवहार को देखकर उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर बैठने की स्वीकृति मांगी थी लेकिन उन्हें नहीं मिली। इसके बाद वे लद्दाख भवन में ही अनशन पर बैठ गए। यहां भी 13 अक्टूबर को पुलिस ने प्रदर्शन के आरोप में उनके समर्थकों को हिरासत में लिया है।

सोनम वांगचुक महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के संदेश को लेकर सीमांत क्षेत्र लद्दाख से हिमालय बचाने की आवाज दे रहे हैं। उनकी आवाज को सुनना जरूरी है। लद्दाख को लगभग 4 वर्ष पूर्व जम्मू-कश्मीर से अलग करके केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया था। तभी से वहां लोग अपनी संस्कृति, पहचान, पर्यावरण बचाने की मांग कर रहे है। उनकी मांग है कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले और संविधान की छठवीं अनुसूची के अनुसार वहां की 97 फीसद जनजातीय समाज को अधिकार मिले। इस विषय पर सितम्बर 2019 में छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को सिफारिशें भी प्रस्तुत की गई थी, जिसके लिए 6 मार्च 2024 से लद्दाख की राजधानी लेह में हजारों लोग खुले आसमान के नीचे बर्फीली ठंड में रात-दिन भूख हड़ताल पर बैठे रहे। वांगचुक ने अपने इस उपवास का नाम 'पर्यावरण उपवास' दिया था। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को छठी अनुसूची के तहत राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा उपायों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। भारतीय संविधान के अंतर्गत छठी अनुसूची में प्रशासनिक विभागों मे स्वतंत्र जिला परिषदों के गठन का प्रावधान है। जिसमें राज्य के भीतर कुछ विधायी, न्यायिक और प्रशासनिक स्वतंत्रता होती है। जबकि छठी अनुसूची के मुताबिक जिला परिषद की अनुमति से ही क्षेत्र में उद्योग लगाए जा सकते हैं। इसलिए यही वजह है कि वांगचुक छठी अनुसूची के तहत राज्य को दर्जा दिलाना चाहते हैं और अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची लद्दाख जैसे जनजातीय क्षेत्र के लोगों के साथ उनकी संस्कृति को सुरक्षा प्रदान कर सकती है। अतः दूसरों के हस्तक्षेप के बिना वहां मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, मेघालय जैसे राज्यों के अनुसार वहां की भी व्यवस्था चल सकती है। वहां से मुखर आवाज निकल रही है कि अगर लद्दाख के नाजुक इकोसिस्टम में खनन और उद्योगों को अनुमति दी गई तो कुछ ही समय में ग्लेशियर सूख जाएंगे। इस संबंध में वांगचुक ने चेतावनी दी है कि बढ़ती इंसानी गतिविधियों से यहां के पिघलते ग्लेशियरों का असर दो अरब लोगों पर पड़ेगा। क्योंकि लद्दाख और आसपास के हिमालय के ग्लेशियर ग्रह का तीसरा ध्रुव है। ताजा पानी का यह सबसे बड़ा भंडार है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि यहां पहुंचने वाली अंधाधुंध गाड़ियों से निकलने वाला काला धुआं सफेद चमचमाती बर्फ पर बैठ जाता है। यदि यह निरंतर जारी रहेगा है तो जलवायु शरणार्थी बन जाएंगे। हाल ही में संपन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते भी लद्दाख के लोगों ने मांग रखी थी कि लोक सभा के साथ राज्य सभा की एक सीट भी यहां के जनजातीय समाज के हित में मिलनी चाहिए। ध्यान रहे कि 1986 में वांगचुक के पिता ने भी अनशन किया था जो लद्दाख के आदिवासियों के अधिकारों के बारे में था। उस समय अनशन के 16वें दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दिल्ली से उड़ान भरकर जूस के गिलास के साथ वहां पहुंची थी और अनशन तुड़वाकर उनकी मांग को पूरा किया था। अभी उनकी अपेक्षा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से है, जिसके लिए वे दिल्ली पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जी से मिलकर वे प्रत्यक्ष रूप में यह मांग रखना चाहते हैं। सवाल तो है कि जब 2011 में इंडिया अगेंस्ट करप्शन के आंदोलन में अन्ना हजारे के अनशन के 13वें दिन बाद पार्लियामेंट में लोकपाल बिल पास किया गया था तो लद्दाख की समस्याएं तो मौजूदा प्रधानमंत्री जी और गृहमंत्री जी के संज्ञान में है। और इसके लिए उन्होंने आश्वासन भी दिया है। इसलिए वे आस लगाए हैं कि उन्हें न्याय तो मिलना ही चाहिए।



काबिले गौर है कि सोनम वांगचुक देश का गौरव है। उन्होंने 2021 में इंडियन आर्मी के लिए सोलर हीटर टैंक बनवाए थे जिसमें लद्दाख में रहने वाले जवानों को एक आरामदायक जगह मिल सकी है। इसके साथ ही उन्होंने कार्बन न्यूट्रल सोलर बिल्डिंग को डिजाइन करने में अहम भूमिका निभाई है। ग्लेशियर के पास रहने वाले नौजवानों की जलापूर्ति के लिए उन्होंने तकनीकी ईजाद की है। आज वे लद्दाख के मुद्दे पर केंद्र सरकार के सामने ही अनशन पर बैठे हुए हैं, जो पूरी तरह से वहां के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने के साथ वहां के निवासियों के अधिकार के लिए संवैधानिक उपाय की मांग पर आधारित है। हर रोज दिल्ली में चाणक्यपुरी स्थित लद्दाख भवन के बाहर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक से दर्जनों लोग मिलकर समर्थन दे रहे हैं। केंद्र सरकार को भी हिमालय पुत्र सोनम वांगचुक का सम्मान करना चाहिए। समय रहते यदि उनकी बात को नहीं सुना गया तो हिमालय के पर्यावरण के साथ न्याय नहीं होगा।

# कमिश्नर ने लातेहार एवं मनिका विस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** विधानसभा चुनाव, 2024 के दृष्टिगत प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आज 73-मनिका एवं 74-लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। मध्य विद्यालय अम्बाकोठी लातेहार बाजार स्थित मतदान केंद्र के भ्रमण के दौरान आयुक्त की मुलाकात एक 90 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की वरिष्ठ मतदाता प्रतीभा देवी, पति लखन प्रसाद अग्रवाल से हुई। आयुक्त ने उनसे बातचीत कर मतदान करने की अपील की और मतदान को लेकर उनके उत्साह की सराहना की। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली न्यूनतम



सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर की व्यवस्था तथा मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, मतदान कक्ष में बिजली कनेक्शन, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, पंखा आदि न्यूनतम सुविधाओं से अवगत हुए। साथ ही कमियों को शीघ्र दूर करने का निदेश दिया। आयुक्त ने पुरूषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, रनिंग वाटर एवं शौचालय के रास्ते में साइनेज लगवाने का निदेश दिया। वैसे मतदान केन्द्र जहां शौचालय क्रियाशील नहीं है, वैसे मतदान केन्द्रों पर शौचालय को अतिशीघ्र क्रियाशील बनाते हुए क्रियाशील बनाने एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने तथा मतदान केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया। मतदान के लिए पंक्ति में खड़े मतदाताओं को भी बैठने के लिए पंक्ति के बीच-बीच में कुर्सी रखवाने का निदेश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। आयुक्त के भ्रमण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के भ्रमण में मनिका के प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार,अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला तथा लातेहार के मतदान केन्दों के भ्रमण में लातेहार नगर पंचायत के नगर प्रशासक राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर, लातेहार की सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुधा राज एवं संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### हाथियों को लेकर नौ गांवों में रेड अलर्ट

**पलामू :** वन विभाग ने लगातार हाथियों के झुंड के गांव में घुसकर उनके जानमाल का नुकसान करने को लेकर गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के नौ गांवों में शनिवार को रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें कुटकु रेंज के पर्रो, अरार, कुरुन, रंका पूर्वी रेंज के भौरी, चुटिया, चिनिया रंका पश्चिमी रेंज के हेताड़कला, चिरका, जोरीकरम, कोल्हुआ, बिलैतीखैर, रंका पूर्वी के बिराजपुर और रोदो गांव शामिल है। वन विभाग ने इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को जंगलों में नहीं जाने की सलाह दी है। वहीं घरों में सुरक्षित रहने की सलाह दी है। गौरतलब है कि इन क्षेत्रों में हाथियों का लगातार आतंक जारी है। ताजा घटना में जिले के रमकंडा प्रखंड के मंगरही गांव में शुक्रवार की रात हाथियों ने छ्ठु सिंह के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं उनके घर में रखे अनाज को खा गये। ग्रामीण ने बताया कि रात करीब 12 बजे पहुंचे पांच हाथियों के आने के बाद मशाल जलाकर उन्हें भगाया गया, लेकिन तबतक हाथियों का झुंड घर को तोड़ चुके थे। जंगलों की ओर भागते-भागते हाथियों ने दर्जन भर किसानों के खेतों में लगी धान की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया है। सूचना के बाद मुखिया पति देवनाथ राम ने मामले की जानकारी ली। इस वर्ष हाथियों का आतंक काफी बढ़ गया है। रमकंडा और भंडरिया इलाके में हाथियों ने अब तक पांच लोगों को कुचलकर मार दिया है। इनमें बलिगढ़ के नागेश्वर सिंह, बैरिया की स्वाति मिंज, चुटिया के रामशकल सिंह, परो के सुभाष सिंह व महरु डीलर को दो महीने के अंदर कुचलकर मार दिया। इस तरह लगातार हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं।

### ठगी के मामले में दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस ने ठगी के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि 10 अगस्त को दर्ज हुई प्राथमिकी 225/24 के अभियुक्त गुलाम रजा और नियामत अंसारी को उनके घर कुंदरुकला से गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ धारा 420/467/ 468/ 469/ 506/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जांच के दौरान उन लोगों पर लगाए गए आरोप सत्य पाए गए थे। उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश वरीय अधिकारियों के द्वारा दिया गया था।

### आखिर जनगणना से कांग्रेस ने आदिवासी धर्म कोड क्यों हटाया : चम्पाई सोरेन

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड समेत पूरे देश का आदिवासी समाज यह जानना चाहता है कि जब अंग्रेजों के जमाने (1871) से हर जनगणना में आदिवासी धर्म कोड का विकल्प उपलब्ध था और आजादी के बाद पहली जनगणना (1951) में भी आदिवासी धर्म कोड की व्यवस्था थी तो फिर 1961 में कांग्रेस की सरकार ने उसे क्यों हटाया? चंपाई सोरेन शनिवार को दिल्ली से रांची वापस लौटने के बाद सोशल मीडिया पर कांग्रेस को विशेष तौर पर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सहयोगियों को पहले कांग्रेस से पूछना चाहिए कि आदिवासी समाज के खिलाफ इस गद्दारी की वजह क्या है? क्या ऐसी धृष्टता को आदिवासी समाज कभी माफ कर पाएगा? कोई इनसे पूछे कि झारखंड आंदोलन को कुचलने की बारंबार कोशिश करने वाले, दर्जनों बार आंदोलनकारी आदिवासियों पर गोली चलवाने वाले और संथाली भाषा की संवैधानिक मान्यता की मांग को दरकिनार करने वाले ये लोग भला आदिवासियों के शुभचिंतक कैसे हो गये? चंपाई ने आदिवासी समाज को लेकर भाजपा की तारीफ की है।

## निर्वाचन के दौरान पूरी तरह से सक्रिय होकर कार्य करें अधिकारी-कर्मचारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** परिसदन भवन खूंटी में शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 59 तोरपा विधानसभा क्षेत्र एवं 60 खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक जी वमशी कृष्णा रेड्डी ने सभी संबंधित कोषांग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, हेल्पलाइन और जन शिकायत कोषांग सह नियंत्रण कक्ष, सीवीआइजिएलब, आदर्श आचार संहिता, विधि व्यवस्था समेत अन्य कोषांगों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक से पूर्व व्यय प्रेक्षक द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों का परिचय लिया गया। बैठक में एक्सपेंडिचर रजिस्टर की जानकारी लेते हुए प्रतिदिन एक्सपेंडिचर रजिस्टर संधारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि व्यय कोषांग



की टीम पूरी तरह प्रशिक्षित हो और निर्वाचन के दौरान पूरी तरह से सक्रिय होकर कार्य करें। बैठक में फ्लाइंग स्क्वाड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम के कार्यों की भी जानकारी ली गई। बैठक में सीजर, वीएसटी, उत्पाद विभाग समेत अन्य विषयों पर जानकारी प्रेक्षक ने ली। रेट चार्ट की जानकारी लेते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट साझा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक द्वारा पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनसे संपर्क करने को कहा गया।

## छतरपुर विधानसभा में जेएमएम काफी मजबूत स्थिति में : रविन्द्र राम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छतरपुर (पलामू) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा एवं छत्तरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह छतरपुर पाटन विधानसभा के भावी प्रत्याशी रविंद्र राम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शनिवार को आदरणीय गुरुजी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर रविंद्र राम ने कहा कि आज छतरपुर पाटन विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा बेहद ही मजबूत है। यदि पार्टी उन्हें मौका देती है तो यह सीट निश्चित रूप से निकल जाएगा। जेएमएम भाजपा के लगातार जीत को रोकने का काम करेगा। आज झारखंड में जिस प्रकार से माननीय हेमंत



सोरेन जी ने कार्य किया है हर तरफ लोगों की यह पहली उम्मीद है कि फिर से राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बने।यहां की जनता फिर से माननीय हेमंत सोरेन जी को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का छतरपुर पाटन विधानसभा से चुनाव लड़ना अति आवश्यक है और स्थानीय उम्मीदवार ही भाजपा को छतरपुर पाटन विधानसभा से हरा सकता है। साथ में प्रखंड सचिव सनी कुमार, मदन कुमार यादव, रंजीत कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोशाला परिसर में गोपाल कृष्ण का हो मंदिर : लक्ष्मी प्रपन्ना जियर स्वामी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू गौशाला परिसर में शुक्रवार को लक्ष्मी प्रपन्ना जियर स्वामी स्वामी का आगमन हुआ। गौशाला समिति ने उनका स्वागत किया। स्वामी जी को गौशाला की भौतिक व जमीन के बारे में पूरी जानकारी दी गई। स्वामी जी को यह जानकर खुशी हुई कि गौशाला परिसर के पास पलामू में इतनी बड़ी संपत्ति है। उन्होंने गौ माता को गुड व बेसन खिलाया। साथ ही आरती उतारी। जियर स्वामी ने कहा कि हमारा हर सनातनी का यह धार्मिक कर्तव्य है कि गौ माता की पूर्ण सेवा करें। सनातनी हिंदू परिवार वाला है तो उसके लिए गौ माता की विशेष कृपा रहती है। हर हिंदू धर्म को मानने वाले को गोरक्षा व गौ सेवा करनी चाहिए। इसके पूर्व गौशाला



समिति के सदस्य इंद्रजीत सिंह डिंपल ने स्वामी जी की सरलता, सादगी व विश्व बंधुत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि स्वामी जी श्रेष्ठ पुरोहितों में से एक हैं। सनातन धर्म के लोगों को उनके बताए गए मार्गो पर चलना चाहिए। स्वामी जी ने इच्छा जाहिर की है कि गौशाला परिसर में एक कृष्ण गोपाल का मंदिर बनें। इसे समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, सचिव सतेंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता, प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, उदय शुक्ला, विकास तिवारी, नवल तुलस्यान, अनुपम तुलस्यान व मनीष भिवानिया सहित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर मंदिर के प्रस्ताव का स्वागत किया। स्वामी जी ने आश्वासन दिया कि मंदिर बनाने में किसी प्रकार का सहयोग व मार्गदर्शन होगा तो गौशाला के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने गौशाला समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। कहा कि लगभग 90 गोवंश का भरपूर ख्याल समिति दानकर्ता के सहयोग से कर रही है । स्वामी जी ने भैया को सफल करने में पलामू की जनता के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया । कहा कि पलामू के लोग उदार, दानी, सच्चे व सरल हैं। इसके चलते इतने बड़े-बड़े धार्मिक अनुष्ठान यहां पर हो चुके हैं।

## लातेहार पुलिस ने पलामू में फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** लातेहार महिला थाना पुलिस ने मेदिनीनगर सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी के डीएवी स्कूल पास विजय नगर के अभियुक्त सुनील जार्ज कंडुलना पिता बोआस कंडुलना के घर पर शनिवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने घर के अलावे सार्वजनिक स्थल चियांकी पहाड़ के पास भी इश्तेहार चिपकाया है। लातेहार महिला थाना पुलिस की इस कार्रवाई में पलामू जिला के सदर थाना पुलिस भी शामिल थी। लातेहार पुलिस ने बताया कि सुनील जार्ज कुंडलना केस नंबर 08/2024, धारा-376, 313, 506, 34 आईपीसी का अभियुक्त है। पूर्व में ही सुनील पर लातेहार महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद अभियुक्त सुनील घर से फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि अगर सुनील जार्ज लातेहार न्यायालय में समय से उपस्थित नहीं हुआ तो उस पर आगे की कार्रवाई भी की जायेगी। इस कार्रवाई में लातेहार महिला थाना के सअनि अशोक कांकुत्त, महिला आरक्षी अनिता कुंवर, लक्ष्मी देवी, सरिता कुमारी, गृहरक्षक सह चालक राजीव रंजन, सदर थाना के एएसआई ट्रेस मिंज, सशस्त्र बल व सदर थाना के चौकीदार मो इदरीस अंसारी शामिल थे।



## जवाहर लाल नेहरू के जमाने से आरक्षण हटाने का धुन गा रही है कांग्रेस : अरूण हलदर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के पूर्व अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरा यात्रा के दौरान आरक्षण हटा देने संबंधी दिये गये बयान के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरुण हलदर ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान कहा था कि वह आरक्षण हटा देंगे, यह वही धुन है, जो राहुल गांधी का परिवार जवाहरलाल नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश में शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक




उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की अपेक्षा की। हलदर ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। जवाहरलाल नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने डॉ आंबेडकर के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र किया। 1952 के लोकसभा चुनाव और 1954 के लोकसभा चुनाव में डॉ आंबेडकर को हराने का पाप किया। हलदर ने कहा कि धारा 370 और 35 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय और सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचल दिया था। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग रिपोर्ट को ठंडे बस्ते डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। 1966 से 1977 तक संविधान में 25 बार संशोधन हुआ। 42वें संशोधन में 41 अनुच्छेदों में संशोधन और 11 नए अनुच्छेद जोड़े गए, जबकि 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संविधान में केवल आठ बार संशोधन हुआ। अरुण हलदर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तीन मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओ को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में आरक्षण का भी पुरजोर विरोध किया था और मुसलमान को आरक्षण देने की वकालत की थी। मौके पर छत्तीसगढ़ विलासपुर के पूर्व सांसद लखन लाल साहू, भाजपा के खूंटी जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला महामंत्री संजय साहू और निखिल कंडुलना, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, आइटी संयोजक आदर्श अंशुल, सुदन मुंडा आदि भी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखण्ड के 70 लाख से ज्यादा अनुसूचित जातियों के साथ एनडीए व इंडिया गठबन्धन ने की नाइंसाफी : झारखण्ड क्रांति मंच

**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज नावाबाजार प्रखण्ड के रबदा स्थित पैतृक आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के लगभग 70 लाख से ज्यादा मतदाताओं की संख्या वाले अनुसूचित जाति के लोगों के सा रेथ एनडीए व इंडिया



गठबन्धन ने भीषण नाइंसाफी कर इनसे वोट मांगने का नैतिक अधिकार खो दिया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि झारखण्ड में अनुसूचित जाति आयोग का जानबूझकर गठन नहीं करने के कारण अनुसूचित जातियों के साथ विभत्स ३५ हत्या-ब्लातकार व अन्याय-अत्याचार की बढ़ती घटनाओं पर संज्ञान लेनेवाला कोई संवैधानिक संस्था सक्रिय नहीं है ।अलग राज्य बनने के बाद एनडीए व इंडिया की अब-तक की सरकारों ने एससी एसटी सबप्लान के तहत आवंटित बजटीय राशि को निर्लज्जता के साथ दूसरे मदों में खर्च कर जले पर नमक छिड़कने का कार्य किया है। बयान में उन्होंने कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मुआवजा प्रावधानों के तहत हजारों पीड़ितों का मुआवजा राशि केन्द्र व राज्य सरकार की भीषण उदासीनता की वजह से आजतक लम्बित है ।यह दुख की बात है कि बात है कि राज्य के 9 अनुसूचित जाति व 28 अनुसूचित जनजाति सीटों के निर्वाचित बिकाऊ विधायक भी विधानसभा में एससी-एसटी के हितों पर चुप्पी साध लेते हैं,ऐसे में इस बार विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र (सामान्य) से झारखण्ड में सम्पूर्ण क्रांति के लिए मंच नई चुनावी रणनीति पर कार्य करेगा।

### विस चुनाव के मद्देनजर हम पार्टी सेक्युलर ने की विस सीटों पर प्रभारियों की घोषणा



**मेदिनीनगर (पलामू) :** शनिवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि पार्टी ने पलामू जिला में सभी सीटों पर चुनाव मजबूती से लड़ने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर विश्रामपुर विधानसभा सीट पर सौदागर अंसारी, छतरपुर विधानसभा सीट पर चन्दन कुमार भुईयां, डाल्टनगंज - भंडरिया विस सीट पर सुशील कुमार चंद्रवंशी तथा पांकी विधानसभा सीट पर अबु फैजल का नाम विधानसभा प्रभारी के रूप में घोषित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी तथा पार्टी का घोषणा पत्र भी जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनमानस में हमारे पार्टी के सर्वोच्च नेता जीतन राम मांझी जी का लोकप्रियता का लाभ पार्टी के प्रत्याशियों को जरूर मिलेगा और इस बार हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता के सहयोग से पार्टी पलामू जिला में अपना खाता खोलने में कामयाब जरूर होगी। इस अवसर पर जिला सचिव वारिस आलम,नगर अध्यक्ष अकबर जी समेतकई लोग उपस्थित थे।

### छठ पर्व मनाने को लेकर स्टार क्लब ने की बैठक

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर नगर क्षेत्र स्थित मंदेया नदी पर छठ पर्व मनाने को लेकर स्टार क्लब की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजित कुमार ने की। जिसमे पुरानी कमिटी को भंग कर के नई कमिटी का निर्माण किया गया। बैठक में सर्वसहमति से अध्यक्ष पवन



प्रजापति को बनाया गया। वहीं सचिव डब्लू कुमार, कोषाध्यक्ष-आलोक सौंडिक, व्यवस्थापक पवन गुप्ता,क्रांति मेहता, अजित कुमार, मोनू गुप्ता,सिंटू चौधरी सुभाष चौधरी, साकेत विशवकर्मा और संरक्षक के रूप में अरुण सोनी ,अशोक दास ,केतन सिंह, रितेश चंद्रा,लड्डू सिंह,अमित चंद्रा, डोमन प्रजापति, मोहन चंद्रा ,विनोद पासवान, विनय विश्वकर्मा, ऋषि सिंह अरविंद गुप्ता ,तेजु गुप्ता, को मनोनीत किया गया। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी स्टार क्लब छत्तरपुर के द्वारा नदी की साफ सफाई, पर्व के दौरान नदी में लाईट की व्यवस्था, नदी के बीचों बीच भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित करना, पूरे घाट की सजावट, रोड की सजावट, पर्व के दौरान चाय की व्यवस्था,रोड की साफ सफाई करना, घाट पर ठहरने की व्यवस्था करना, छठ घाट पर पूजन सामग्री की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। वहीं देव दीपावली में भव्य गंगा आरती करने तथा 11000 दीप प्रज्वलित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रिंश गोस्वामी,राहुल रॉय,आनंद बिट्ठू,नीरज,राहुल ,पिन्टू, दीपक ,संतोष ,सुजीत ,विवेक, अंशु,भोला जी, गुड्डू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बेरोजगारी का दंश झेल रहे नौजवान जनप्रतिनिधि विफल : रूचिर

**मेदिनीनगर (पलामू) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के पोखराहा, भोगू, लहलहे, ताबर, हलुमाड़, झाबर दुलसुलमा, नेभि सहित आस पास के दर्जनों गांव का क्षेत्र भ्रमण कर वहां की जन समस्याओं से अवगत हुए। भ्रमण के दौरान पाया कि पूरे राज्य में दो प्रकार की आवास योजनाएं चल रही है एक प्रधानमंत्री एवं दूसरी अबुआ आवास योजना चल रही है परंतु इसके बाद भी दलितों,गरीबों एवं आदिवासीयों को इसका कोई लाभ नहीं मिला, आज भी वह खपड़ा पोश मकान में रहने को विवश है। सड़क एवं शौचालय का भी निर्माण नहीं किया गया। वही पूर्व एवं वर्तमान के जनप्रतिनिधि केवल अपना विकास करने में लगे हुए हैं। छात्र नौजवान मजदूर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं लेकिन क्षेत्र में नये रोजगार का सृजन कैसे हो इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधियों चाहे भाजपा,कांग्रेस या झामुमो किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और अब चुनाव आने पर जुमलेबाजी करते फिर रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों को जनता इस विधानसभा में सबक सिखाएगी एवं कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत करेगी। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने कहा कि आदिवासियों,गरीबों एवं दलितों के विकास के लिए रूचिर कुमार तिवारी के हाथों को मजबूत करें। एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि रुचिर तिवारी हमेशा छात्रों के हक अधिकार के लिए मुखर रहते हैं इस बार छात्र और नौजवान इनका साथ दे।

# पुलिस ने पुणे के एक वृद्ध व्यक्ति को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बचाया

## पुलिस ने दो अपहरणकर्ता को दबोचा, तीन अभियुक्त गंगा नदी में कूद कर भागने में सफल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज 19 अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को पुणे महाराष्ट्र के रहने वाले यशवंत हिरामन विनोदे को उनके ही किरायेदार राजु के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया गया और उन्हें लाकर साहिबगंज जिला के राधानगर थाना दियारा क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ रखा गया था। जहां कल दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को अपहत व्यक्ति के फोन से उनके पुत्र के मोबाईल पर फोन कर एक करोड़ रुपए फिरौती की मांग की गई। अपहत यशवंत के बेटे ने इस संबंध में हिंजवडी थाना में काण्ड सं0-1185/24 दर्ज कराया गया। जहां पूणे क्राईम ब्रांच की एक टीम मालदा एवं साहेबगंज के लिए रवाना हुई। इसी दौरान टीम के द्वारा तकनीकी सहायता से कुछ लीड डेवलभ किया गया और अपहत की





बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी में सहयोग हेतु बीते रात साढ़े 12:30 बजे पुलिस अधीक्षक, मालदा एवं पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज से सम्पर्क किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज के द्वारा इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जहां छापामारी दल के द्वारा पूरी रात राधानगर क्षेत्र के विभिन्न दियारा (पलाशगाछी, प्राणपुर, बानुटोला तथा गोल ढाब) के बिहड़ो में नाव से तथा पैदल खोजबीन किया जाता रहा और अभियुक्त अपना स्थान बदलते रहे। इसी दौरान गोल ढाब चुआड़ के दियारा से सुबह 05:00 बजे के करीब अपहृत व्यक्ति यशवंत हिरामन विनोदे को सकुशल बरामद किया तथा 02 अपहरणकर्त्ता नसीम अख्तर पिता मनिरूल हक साकिन धरमपुर तीनमुहानी थाना मुथाबाड़ी जिला मालदा पश्चिम बंगाल, लल्लू शेख पिता रुस्तम शेख साकिन अमानत दियारा थाना राधानगर जिला साहिबगंज, को पकड़ा गया और तीन मोबाइल फोन अभियुक्त के पास से जप्त किया गया। अन्य अभियुक्त गंगा नदी में कुदकर भागने में सफल रहे। पुणे पुलिस की टीम साहेबगंज पहुंच रही है। उनके द्वारा अग्रतर अनुसंधान किया जायेगा। वहीं मौके पर छापामारी दल में विमलेश कुमार त्रिपाठी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी राजमहल, पुअनि गुलाम सरवर थाना प्रभारी राजमहल, पुअनि नितेश कुमार पाण्डेय राधानगर थाना प्रभारी, पुअनि हसनैन अंसारी राधानगर थाना, पुअनि फुलेश्वर अकेला राधानगर थाना, पुअनि बिट्टु कुमार साहा राजमहल थाना, पुअनि ददन साह राजमहल थाना, पुअनि सालखु मुर्मू राजमहल थाना, सअनि सुनील कुमार मेहता राधानगर थाना, सअनि मनोज कुमार पासवान राधानगर थाना, हवलदार सोनाराम सोरेन राधानगर थाना, आरक्षी 290 सर्वेशर सोरेन राधानगर थाना, आरक्षी 327 अमन कुमार, अंगरक्षक, अनुपुपदा, राजमहल, आरक्षी 493 प्रवीण कुमार, अनुपुपदा, राजमहल आवास गार्ड, चाआ 359 मानवेल सोरेन, अनुपुपदा, राजमहल कार्यालय उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत तालझारी थाना क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज और एएसआई अनिल कुमार ने शनिवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमनी बड़ी भगियामारी, जमनी छोटी भगियामारी, अम्बाडीहा, बांसकोला, मोती झरना, डाक-बंगला, महाराजपुर, चपाल नौघट्टा एवं कैरासोल बूथ संख्या 178, 191, 198, 199, 200, 302 और 207 का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बूथ तक जानेवाली सड़क की स्थिति, मोबाइल नेटवर्क, पानी, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं का आंकलन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्रों के निकट स्थित ग्रामीणों से मिलकर उन्हें आगामी चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला से प्राप्त निदेर्शों के आलोक में बूथों पर सभी जरूरी सुविधाओं को पूरी करने की व्यवस्था की जा रही है।

### विधानसभा चुनाव के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर, ब्रज गृह, मतगणना केंद्र का हुआ निरीक्षण



**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त हेमंत सती ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहेबगंज में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर,ब्रज गृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजमहल, बोरिया, बरहेट, पोस्टल बैलेट, ब्रजगृह , रिसिविंग गैलरी, मीडिया गैलरी, रिसीविंग सेंटर में बने पंडालों के गैलरी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### कांग्रेस पार्टी ने सातगाछी पंचायत में की बैठक



**बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत सातगाछी पंचायत में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता एवं कोर कमेटी की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बरकत खान के उपस्थिति में आयोजित बैठक में कांग्रेस पार्टी के कोर कमेटी के सदस्य नसीरुद्दीन, शमशेर खान, तमिजुद्दीन शेख, भी उपस्थित थे। वहीं देर तक चली बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि आने वाले विधानसभा चुनाव मे महागठबंधन प्रत्याशी के उम्मीदवार को भारी से भारी मतों से जिताने को लेकर बूथ लेवल के कार्यकताओं को सशक्त करना होगा। साथ में यह भी निर्णय लिया गया कि, महागठबंधन सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता, गांव, मोहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और सरकार की उपलब्धियां को उनके सामने रखेंगे। इस दौरान नूर मोहम्मद, रहीम शेख, हीरालाल शाह, परमित तिवारी, अरुण शाह ,संजय शाह, माटल टुडू, कलम शेख, हबल शेख, विश्वजीत दास तमु शेख मुखलेश्वर, प्रेमलाल शाह, नसीरुद्दीन शेख, जलील शेख, असगर अली, बबलू शेख, संदीप भगत, विकास कुशवाहा, अशोक महतो, सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### ठाकुर दास महतो बने सरायकेला के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा निवासी भाजपा नेता सह भाजपा के पूर्व जिला मंत्री एमए एल एलबी ठाकुर दास महतो को भाजपा प्रदेश के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ उमाशंकर केडिया ने सरायकेला जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोनीत किया है। जिला बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए जाने से भाजपा के कार्यकताओं ने बधाई दिया है। ठाकुर दास महतो झारखंड आंदोलनकारी भी रह चुके हैं । उन्होंने बताया कि बुद्धिजीवियों को संगठित कर भाजपा को मजबुती प्रदान करने का काम किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संयोजक डॉ उमाशंकर केडिया एवं प्रदेश के पदाधिकारियों का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दायित्व सौंपा गया है, निश्चित रूप से दायित्व का पुरे निष्ठा के साथ अक्षरशः निर्वहन करने का कोशिश किया जाएगा।

### एनडीए की सीट शेयरिंग के बाद नाराज भाजपा नेता विमल बैठा 24 को भरेंगे पर्चा



**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पिछले करीब 12 सालों से सक्रिय भाजपा नेता विमल बैठा चुनाव लड़ने के लिए 24 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वह निर्दलीय या झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से भी किस्मत आजमा सकते हैं। इस संबंध में पूछने पर विमल बैठा ने बताया कि उन पर पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों का भारी दबाव है इसलिए वह चुनाव तो जरूर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि शनिवार को जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो से मिलकर टिकट की मांग किए हैं। बहुत जल्द उनके द्वारा मेरे नाम की घोषणा करने की जा सकती हैं । उन्होंने बताया कि समर्थकों व शुभचिंतकों से विचार विमर्श के बाद 24 अक्टूबर को हजारों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने जिला मुख्यालय पहुंचेंगे।

## एक नजर

### पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने पुराने मामले के इश्तहार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि छोटी कोदरजन्ना निवासी वारंटी रंजीत पंडित को गुप्त सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

**जमशेदपुर :** थाना क्षेत्र के खरस्वती गांव के समीप शनिवार को दो बाइक की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायल को ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ विकास भेंगार ने प्राथमिक उपचार कर घायल रामचंद्र हांसदा को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया। जबकि अन्य दो घायल शंभू सबर एवं लखींद्र सबर का इलाज अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में गंभीर रूप से घायल रामचंद्र हांसदा ने बताया कि अपनी पत्नी के साथ कोड़ासोल गांव से ढाकाकंबल गांव जा रहे थे वहीं विपरीत दिशा से दो युवक आकर सीधे बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पत्नी को चोट नहीं लगी है। जबकि गंभीर रूप से घायल शंभू सबर हलुदबनी गांव का रहने वाला जबकि लखविंदर सबर राजाबासा गांव निवासी हैं।

### पोटका में पेयजल की किल्लत झेल रहे ग्रामीण, अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड क्षेत्र के कई गावों में जलमीनार व चापानल खराब है। इसके कारण ग्रामीण पेयजल की किल्लत से परेशान हैं। कई दफे पंचायत एवं प्रखंडस्तरीय अधिकारियोंसे शिकायत करने के बाद भी पेयजल की किल्लत दूर करने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया। कई जलमीनार व चापानल दो-दो वर्ष से खराब पड़े हैं। प्रखंड के शंकरदा पंचायत के काशीडीह गांव स्थित बिरधान हेंब्रम के घर सामने चापाकाल खराब पड़ा हुआ है। इसी तरह माटकु पंचायत के बाजार चौक स्थित जलमीनार तथा शंकरदा गांव के जुगुडीह टोला एवं नामो पाड़ा में स्थित दोनों जलमीनार खराब है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पूर्व पार्षद करुणामय मंडल से की। उन्होंने बताया कि प्रखंडस्तरीय अधिकारी निर्वाचन कार्य में व्यस्त हैं। जिसके कारण वे सुध नहीं ले रहे हैं।

## शांति पूर्ण चुनाव कराने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह थाना परिसर में शनिवार को चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा की अध्यक्षता में अन्तरराज्यीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में झारखंड आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर आपसी सहयोग के साथ सद्भावना पूर्वक शांति व निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर चर्चा किया गया। सीमावर्ती पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा चुनाव में सहयोग करने को लेकर वार्ता किया गया, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों से किसी भी तरह का चुनाव में असमाजिक तत्वों का प्रवेश या किसी राजनीतिक दलों द्वारा अन्य लाभ पहुंचाने का कोशिश को दोनों राज्यों के पुलिस द्वारा रोक लगाया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से बंगाल के पुरूलिया के पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक पटमदा पूर्वी सिंहभूम एवं चांडिल पुलिस निरीक्षक अजय कुमार उपस्थित थे।

## नोवामुंडी में साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाईबासा :** 19 अक्टूबर को स्वीप गतिविधि के तहत स्वीप नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता अर्नव मिश्रा की उपस्थिति में 54 जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नोवामुंडी प्रखंड के नोवामुंडी थाना परिसर से नोवामुंडी कॉलेज तक वृहद स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। जागरूकता रैली क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहे से होते हुए नोवामुंडी कॉलेज तक पहुंची। वहां सभी को स्वीप नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता के द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को पश्चिम सिंहभूम जिले में मतदान दिवस ह। उस दिन सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करें। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अपने स्तर से कम से कम पांच लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें और उन्हें पांच लोगों को मतदान करने के लिए कहें। पश्चिम सिंहभूम जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान किया जाना है। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किरीबुरु, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला खेल पदाधिकारी, टाटा स्टील के पदाधिकारी और कर्मी सहित स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी और कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकरी ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर जिलास्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकरी ने सभी को निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के पश्चात किये जाने वाले कार्यों से संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों को अवगत कराया गया। साथ ही बैंक खाता के माध्यम से संदिग्ध लेन देन के संबंध में आयोग के निदेर्शों के अनुपालन से संबंध में सभी बैंकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही असमान्य एवं संदिग्ध रूप से नगद राशि के निकासी एवं जमा के बारे में चुनाव आयोग के निदेर्शों की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह -उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों यथा वन प्रमंडल, परिवहन, डाक विभाग, रेलवे, पुलिस, आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया, ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके। वहीं उपायुक्त ने सभी चेकनाकों पर एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य स्विप कोषांग के बैनर तले सिद्धो कान्हो इंडोर स्टेडियम साहिबगंज में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रीमियर लीग टूनामेंट 2024 का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, विशिष्ठ अतिथि प्राचार्य एवं पूर्व सचिव साहिबगंज बैडमिंटन एसोसिएशन के डॉ रणजीत कुमार सिंह व बैडमिंटन एसोसिएशन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप फीता काट कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।स्वीप कोषांग साहिबगंज के माध्यम से नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सभी खिलाड़ियों व उपस्थित नागरिकों से अपील किया गया कि 20 नवंबर, 2024 विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें एवं लोकतंत्र को मजबूत करें, उक्त बातें अनुमंडल पदाधिकारी सदर ने कही। खिलाड़ी को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भावना के साथ अनुशासित होकर प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करना बड़ी बात है। खेल मैच जीत हार नहीं बल्कि आपके शारीरिक मानसिक एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए एवं मतदान के दिन मतदान करना भी उतना ही आवश्यक है।

## अजहर इसलाम को जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे आजसू कार्यकर्ता : चतुरानंद पांडे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा के होटल आर बी प्लेस में प्रखंड स्तरीय पंचायत अध्यक्ष और पंचायत प्रभारी के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में आजसू केंद्रीय महासचिव अजय सिंह, विशेष अतिथि के रूप में पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम और साहिबगंज जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे मौजूद रहे। मंच संचालन बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष नवीन दुबे ने किया। अजय सिंह ने कार्यकताओं में संवाद के माध्यम से जोश भरने का काम किया। उन्होंने आजसू पार्टी की विचारधारा तथा आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो के विजन के बारे में बताया। बता दें की पाकुड़ विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू पार्टी के वरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता काफी सक्रिय हो गए हैं। बता दें की एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी अजहर इसलाम को जिताने के लिए आजसू के वरीय पदाधिकारी के साथ साथ पंचायत के सक्रिय कार्यकताओं ने कमर कस ली है। पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा इस बार आजसू कार्यकताओं ने विनाशकारी नेता को सत्ता से उखाड़ फेंकने का और प्रदेश में परिवर्तन का संकल्प लिए है।



उन्होंने वर्तमान सरकार और स्थानीय विधायक पर जम कर बरसे। कहा कि जब से इंडी गठबंधन सरकार आई है तब से प्रदेश में भ्रष्टचार चरम सीमा पर पहुंच गई है। जिसका जीता जागता उदाहरण पुर्व मंत्री अभी जेल में बंद हैं। वहीं साहिबगंज जिला अध्यक्ष ने चतुरानांद पांडे ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था अंतिम सांसे गिन रही है। यहां के लाखो युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। सभी वरीय पदाधिकारियों ने संवाद के जरिए कार्यकताओं को एक जुट होकर आजसू पार्टी के प्रत्याशी अजहर इसलाम के लिए कड़ी मेहनत करने की आग्रह किया और कई दिशा निर्देश दिए। वही मौके पर जिला सचिव विभाष शाह, जिला उपाध्यक्ष राम प्रवेश यादव, पाकुड़ जिला प्रवक्ता शेकसादी राहमातुल्ला, केंद्रीय समिति सदस्य विजय शाह, राजमहल प्रखंड अध्यक्ष भीम महतो, बरहरवा प्रखंड सचिव प्रणब शाह, तथा सक्रिय कार्यकर्ता यादुल शेख, जहांगीर सहित सैकड़ों पंचायत अध्यक्ष एवं प्रभारी मौजूद थे।

# साहब की जिद की खातिर हार जाते हैं अधिकारी

## कुर्सी की दावेदारी और भइया से वफादारी में फंसे नेता जी, तीर से दाग लेकर फूल में लौटे

**पटना।** देश की सबसे बड़ी पार्टी में प्रदेश स्तर पर फिलहाल ट्रांसफॉर्मेशन काल चल रहा है। अचानक से एक साल के भीतर सबसे बड़े चैंबर में बैठने वाले नेता जी की संगठन से छुट्टी कर दी गई। अब समस्या ये शुरू हो गई है कि उनकी कृपा से दफ्तर में जिन्हें केबिन मिला था, अब उन्हें कोना पकड़ाने का डर सताने लगा है। काहे कि नए वाले नेता जी तो अपनी चाकरी करने वाले पर ही कृपा बरसाएंगे। केबिन के चक्कर में राज्य भर के छुटभैये नेता जी नए-नए पावर में आए नेताजी के करीबी दिखने की कोशिश में जुटे हुए हैं। परेशानी उन पदाधिकारियों की बढ़ गई है, जो अपनी पोस्ट बचाने के लिए नए वाले के भरोसेमंद तो बनना चाहते हैं, लेकिन पुराने वाले



की वफादारी नहीं छोड़ना चाहते हैं। हुआ यूं कि टीवी पर खूब दिखने वाले एक पार्टी पदाधिकारी के यहां भोज का आयोजन किया गया। यहां नए वाले नेता जी बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। केबिनधारियों का भी जमावड़ा लगा। डिनर के साथ गॉसिप भी खूब परोसी गई। इसकी भनक पुराने वाले साहब तक भी पहुंच गई। अब सब डरे फिर रहे हैं कि भैया भले कुर्सी से उतरे हैं, लेकिन पावरफुल तो हइये न हैं, तो कहीं केबिन के चक्कर में भैया से रिश्ता न बिगड़ जाएं। इन नेता जी को पहले फूलवाली पार्टी से प्यार था। इसके बाद बिहार में शुरू हो गई पलटीमार पॉलिटिक्स की प्रथा। गठबंधन के चक्कर में साहब कंफ्यूज हो गए। इस बीच इन्होंने फूल से प्यार छोड़ तीर को पकड़ लिया। तीर का दामन थामते ही अपने नेता की आवाज बन गए। अब पेशे से प्राध्यापक। वो भी प्रिंसिपल स्तर के। बोलेंगे तब आवाज तो दूर तलक जाएगी ही न। इनकी तरफदारी के चर्चे एक दिन सुप्रीमो तक पहुंचा। कसीदों के किस्से सुनकर सुप्रीमो जी खुश हुए। इनाम स्वरूप राज्य के सबसे बड़े आयोग का सदस्य बना दिया गया, लेकिन कॉलेज वाली बात आयोग में चल नहीं पाई और एक के बाद एक बड़े-बड़े मामलों में फंसते चले गए।

इनके आका अनुशासन के पक्के। आरोप लगते ही इन्हें पार्टी से किनारा कर दिया गया। अब न माया मिली न राम। साहब सदस्य से सीधे सड़क पर आ गए। अब एक बार फिर से फूल वाली पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है, तब चुपके से घरवापसी कर लिए हैं। इन दिनों कहते फिर रहे हैं हम तो अपने पुरनके पार्टिया में है न। ई बात अलग है कि उनको वहां कोई पूछ नहीं रहा है।साहब की गिनती राज्य के मुखिया के सबसे करीबी अधिकारी में होती है। मतलब इतना करीबी कि कितना बोलेंगे-क्या बोलेंगे, किनसे मिलेंगे...सबकुछ यही तय करते हैं। अधिकारी बाबू का एक बेहद ही दिलचस्प शौक है। ये रोज बैडमिंटन कोर्ट में पसीना बहाते हैं। कहते हैं फिट रहना जरूरी है। इनकी फिटनेस के चक्कर में राजधानी के कुछ बाबू साहब का चैन उड़ा रहता है।

### नेता जी की ऑनलाइन घर वापसी

इन नेता जी को पहले फूलवाली पार्टी से प्यार था। इसके बाद बिहार में शुरू हो गई पलटीमार पॉलिटिक्स की प्रथा। गठबंधन के चक्कर में साहब कंफ्यूज हो गए। इस बीच इन्होंने फूल से प्यार छोड़ तीर को पकड़ लिया। तीर का दामन थामते ही अपने नेता की आवाज बन गए। अब पेशे से प्राध्यापक। वो भी प्रिंसिपल स्तर के। बोलेंगे तब आवाज तो दूर तलक जाएगी ही न। इनकी तरफदारी के चर्चे एक दिन सुप्रीमो तक पहुंचा। कसीदों के किस्से सुनकर सुप्रीमो जी खुश हुए। इनाम स्वरूप राज्य के सबसे बड़े आयोग का सदस्य बना दिया गया, लेकिन कॉलेज वाली बात आयोग में चल नहीं पाई और एक के बाद एक बड़े-बड़े मामलों में फंसते चले गए।

## संक्षिप्त डायरी

### अतिक्रमण हटाने को लेकर चलाया जा रहा अभियान



**लखीसराय।** में पिछले एक माह से जिला प्रशासन द्वारा सड़क से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव भी देखा जा रहा है। इसके बावजूद, नगर परिषद द्वारा बनाए गए फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा जारी है। स्थानीय लोग फुटपाथ और सड़क किनारे सामान रख रहे हैं, जिससे राहगीरों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। केआरके उच्च विद्यालय के पास बनाए गए फुटपाथ पर भी दुकानों का कब्जा है, जिससे पैदल चलने वालों को असुविधा हो रही है। शहर के मुख्य क्षेत्र, जैसे रेलवे पुल से बड़ी दुर्गा स्थान तक और दाल पट्टी से जमुई मोड़ तक, फुटपाथ और सड़क किनारे अतिक्रमण की समस्या बरकरार है। लोगों द्वारा अपने घरों का सामान भी सड़क किनारे रखा जा रहा है। जाम की समस्या को लेकर चलाया जा रहा अभियान स्थानीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन स्थानीय लोगों में इसका पालन करने की प्रवृत्ति कम दिख रही है। इससे बाजार आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है, जिससे जाम की समस्या अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है।

### फतुहा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर



**पटना।** जिले के फतुहा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर मारने के बाद कुछ दूर तक गाड़ी को घसीटता चला गया। मृतक अपनी बहन के घर से लौट रहा था। इस बीच बिहटा-दनियावां सरमेरा स्टेट हाइवे-78 पर हादसे का शिकार हो गया। ट्रक चालक मौके से फरार हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। करीब आधे घंटे तक रोड जाम रहा। इस दौरान चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। रोड जाम हटाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा।मृतक की पहचान गौरीचक थाना क्षेत्र के जयवर गांव निवासी सुरेश सिंह उर्फ भोला के पुत्र अरमान कुमार(35) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि चार दिन पहले अपने बहन के घर गया था। वहां से लौटते समय ट्रक की चपेट में आ गया। 2 बेटी और एक बेटा है। घर में कमाने वाला इकलौता था। मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। मामले की छानबीन में जुटी पुलिस फतुहा थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### नलकूप विभाग के सरकारी क्वार्टर के पास मिला शव



**आरा।** में घर से निकले बुजुर्ग का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उनका शव नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव स्थित नलकूप विभाग के सरकारी क्वार्टर के समीप पानी भरे गड्ढे से बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ला वार्ड नंबर-6 निवासी स्व.राम सुंदर साह के 73 वर्षीय बेटे लालू प्रसाद हैं। जो पेशे से मजदूर थे। मृतक के बेटे जितेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह वे घर से निकले थे। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजन लगातार उनकी खोजबीन कर रहे थे पर उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच नवादा थाना पुलिस ने मृतक के पॉकिट से मिले आधार कार्ड से पहचान कर सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे।

# स्कूल में शराब का उदाहरण देकर बच्चों को पढ़ाया

**मोतिहारी।** के ढाका प्रखंड के मध्य विद्यालय जमुआ का है, जहां चौथी कक्षा में हिंदी पढ़ाते समय ब्लैकबोर्ड पर शराब से जुड़े मुहावरे लिखे गए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक फोटो में ब्लैकबोर्ड पर लिखा है, हाथ पांव फूलने का मतलब- समय पर दारू का नहीं मिलना, कलेजा ठंडा होने का मतलब- पैग गले के नीचे उतरना, और नेकी कर दरिया में डाल का मतलब- फ्री में दोस्तों को पिलाना। इस घटना के



सामने आने के बाद कई सवाल उठे हैं, खासकर शराबबंदी वाले राज्य में ऐसी शिक्षा पर। शिक्षिका से मांगा स्पष्टीकरण घटना की जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार ने संज्ञान लिया और शिक्षिका विनीता कुमारी से स्पष्टीकरण मांगा। विनीता कुमारी ने फोन पर माफी मांगी है और इस मामले में अपने बयान देने की बात कही है। ढाका प्रखंड के बीईओ अखिलेश कुमार ने भी घटना की पुष्टि करते हुए शिक्षिका से स्पष्टीकरण की मांग की है। बच्चों को इस प्रकार की शिक्षा देना गलत प्रधानाध्यापिका सुलेखा झा ने भी घटना की पुष्टि की और दुख जताते हुए कहा कि चौथी कक्षा के बच्चों को इस प्रकार की शिक्षा देना गलत है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और शिक्षिका के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह घटना बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता और शराबबंदी के बाद की नीति पर सवाल खड़ा कर रही है।

# कार ने कीर्तन मंडली को रौंदा, 6 की मौत



**बांका।** के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह के पास शुक्रवार देर शाम अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से कीर्तन मंडली के जत्थे में शामिल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भागलपुर ले जाने के क्रम में एक घायल युवती और एक महिला की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक दर्जनों कांवरिया जख्मी है। घायलों को इलाज के लिए फुल्लीडुमर, अमरपुर और सदर अस्पताल बांका में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही शंभूगंज, अमरपुर और फुल्लीडुमर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच घटना से आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव करते हुए काफी दूर तक खदेड़ दिया। इतना ही नहीं आक्रोशित लोगों ने पुलिस के112 के जीप को आग के हवाले कर दिया। जबकि एक एम्बुलेंस को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं अमरपुर थाने के एक दारोगा को मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी दारोगा को इलाज के लिए अमरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बांका के एसडीएम अविनाश कुमार और एसडीपीओ बिपीन बिहारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशितों को समझा कर स्थिति को नियंत्रित किया। आक्रोशित भीड़ को समझाकर स्थिति की नियंत्रित घटना के संबंध में बताया जाता है कि सभी कांवरिया ट्रैक्टर को रथनुमा सजाकर भजन कीर्तन करते जा रहे थे। इस बीच रात के अंधेरे में अनियंत्रित बोलेरो ने नगरडीह के पास कीर्तन मंडली को रौंद दिया। इस दुर्घटना में तीन महिला, एक युवती और एक पुरूष की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान ललिता देवी पति मोहन यादव, टुन्नी देवी पति अरुणपासवान, सुमित्रा देवी पति दिनेशयादव तीनों का घर मोहनपुर रजौन,लकी कुमारी अमरपुर शोभानपुर,रामचरण तांती रामचंद्रपुर इटहरी फुल्लीडुमर के रूप में हुई हैं। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। धार्मिक पूर्ण माहौल पूरी तरहगमगीन हो गया। ऐसे में मौके परमौजूद लोग काफी उग्र हो गए। सूचना मिलते ही जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची की आक्रोशित लोग सबसे पहले पुलिस पर पथराव करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरानअमरपुर थाने के दारोगा बबन मांझी जख्मी हो गए। उनको सबसे पहले उठाकर अमरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद पुलिस आक्रोशित भीड़ से थोड़ी दूर पर आकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही थी।

# पहले जियाउद्दीन ने रेप किया फिर मुनाजिर ने

**जमुई।** में 14 साल की लड़की के साथ 11 अक्टूबर की दोपहर गैंगरेप हुआ था। पीड़िता शौच के लिए जा रही थी। तभी 3 युवक जियाउद्दीन, मुनाजिर और श्रवण तुरी ने उसे घेर लिया। पीड़िता के अनुसार इनमें जियाउद्दीन उसे पकड़कर सुनसान जगह ले गया और मुंह में कपड़ा डाला, दोनों हाथ और पैर बांध दिए। सबसे पहले जियाउद्दीन ने दुष्कर्म किया। इसके बाद मुनाजिर ने गलत काम किया। श्रवण जब गलत कर रहा था तो जियाउद्दीन और मुनाजिर ने वीडियो बना लिया। घटना के बाद पीड़िता एक घंटे तक बेहोश रही। होश आने के बाद वो अपने घर गई और सारी बात अपनी मां-चाची को बताया। मामला चरकापत्थर थाना क्षेत्र के एक गांव का है।घटना वाले दिन ही शाम को पंचायत बैठाई गई। जिसमें पीड़ित पिता को कहा गया कि अपनी बेटी को गांव से बाहर ले जाओ। अगर ऐसा नहीं किया तो 25 हजार जुमार्ना देना पड़ेगा। लाचार होकर पीड़ित पिता ने



अपनी बेटी को नानी घर पहुंचा दिया और खुद गांव आ गए।

अगले दिन 12 अक्टूबर को फिर से पंचायत बैठी। जिसमें कहा गया कि तुम्हारी बेटी की शादी के लिए हम 50 हजार रुपए चंदा देंगे, पर पीड़ित पिता ने बात नहीं मानी। 16 अक्टूबर को पीड़ित पिता अपनी बेटी को लेकर गांव पहुंचे, किसी से नहीं डरे और अपनी बेटी को महिला थाना लेकर गए। लिखित आवेदन देकर तीनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता ने कहा कि 'घटना के एक घंटे के बाद मैं होश में आई। किसी तरह से मैं घर पहुंची। पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को दी। पीड़िता ने कहा कि मैं तीनों लड़कों को पहचानती हूं। मैं पुलिस से मांग करती हूं कि तीनों को फांसी की सजा दी जाए।' बेटी को घसीटकर ले गए पीड़िता की मां ने कहा कि 'जियाउद्दीन मेरी बेटी को घसीटकर ले गया। पहले जियाउद्दीन फिर मुनाजिर ने गलत काम किया, जब श्रवण तुरी ने गलत काम किया तो दोनों ने मिलकर वीडियो बना लिया। तीनों लड़कों ने धमकी दी है कि अगर इस घटना के बारे में किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। पुलिस से मांग करते हैं कि तीनों को फांसी दी जाए।' पीड़िता के पिता ने कहा कि 'समाज ने मदद नहीं की। रोते हुए कहा कि अब मर जाने में ही अच्छा है। 11 तारीख को मेरी बेटी के साथ घटना हुई। पंचायत में बोला गया कि लड़की को बाहर रखिए। 10 से 15 दिन में शादी कर दीजिए।

महिला थाने में आवेदन दिया है। अभी भी गांव के लोग धमकी दे रहे हैं। आज नमाज पढ़ने भी नहीं गए। गांव की एक महिला ने कहा कि नमाज पढ़ने मत जाएं। वहां आपके साथ मारपीट की जाएगी। पुलिस मदद कर रही है।' आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है

घटना की छानबीन को लेकर शुक्रवार को चारकापत्थर थाना की पुलिस, महिला थाना की पुलिस और FSL की टीम पीड़िता के गांव पहुंची। मामले की छानबीन की। पुलिस इस दौरान घटना स्थल पर भी गई। पुलिस के जाने के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। गांव के लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होनी शुरू हो गई।

# बिहटा में बर्थडे पार्टी के दौरान फायरिंग



**पटना।** बिहटा के आईआईटी थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। नशे में धुत्त युवकों ने डांसरों के साथ छेड़खानी भी की है। इस संबंध में थाने में FIR दर्ज कराई गई है। डांसर की शिकायत पर 2 लोगों को नामजद किया गया है। साथ ही 15 से 20 अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार नामजद किए गए युवकों में स्व. विजेंद्र यादव के पुत्र दीपू कुमार और माहेश्वरी यादव के पुत्र मुन्ना यादव शामिल है। जानकारी के मुताबिक हिरामनपुर पकड़ी गांव में दीपू के बर्थडे को लेकर पार्टी का आयोजन था। इसमें डांसरों को बुलाया गया था। इस दौरान नशे में धुत युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी।डांसरों के साथ छेड़खानी करने लगे। हथियार के भय के कारण किसी की हिम्मत उन्हें रोकने की नहीं हो रही थी। इस बीच किसी ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने ही सभी फरार हो गए। फायरिंग की घटना से पुलिस का इनकार हालांकि आईआईटी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने फायरिंग की घटना से इन्कार किया है। उन्होंने बताया कि डांसर प्रभा कुमारी ने छेड़खानी का मामला दर्ज कराया है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शराबी धराया, मौत के बाद वैशाली पुलिस बनी बंधक

## सिपाही घायल, सरकारी गाड़ी में तोड़फोड़; SDPO ने हाथ जोड़कर परिवार को समझाया





**वैशाली।** के महुआ थाना इलाके में पुलिस गश्ती के दौरान पकड़े गए एक शराबी की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। पुलिस टीम के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया। जानकारी मिलने पर रउ्डढ सुरभ सुमन पुलिस टीम के साथ पहुंचीं। आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। इस दौरान वो हाथ जोड़कर परिजनों को शांत करती दिखीं।

वैशाली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार फिलहाल स्थिति सामान्य है। ग्रामीणों की मारपीट में एक सिपाही घायल हुआ है। पुलिस जीप में भी तोड़फोड़ की गई है।मामला जलालपुर गांव (वार्ड-6) का है। पहले पुलिस ने शराब के नशे में धुत्त एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेन्द्र पासवान (50) के रूप में हुई है। मृतक कटहरा थाना क्षेत्र के करहटिया बुजुर्ग गांव निवासी थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। घटना की सूचना मिलते ही महुआ एसडीपीओ सुरभ सुमन अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराने की कोशिश में जुटे हैं। घटना का वीडियो शनिवार सुबह सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि भीड़ वर्दीधारी पुलिस अधिकारी को पकड़कर ले जा रही है। उन्हें एक घर के कमरे में बंद कर रही है।

पुलिस ने कहा-भागने में गिरकर हुई मौत वैशाली एसपी ऑफिस से जारी प्रेस रीलिज में बताया गया है कि 19 तारीख की सुबह महुआ थाना की पुलिस टीम अरक भुनेश्वर राम के साथ गश्ती पर निकली थी। इसी बीच मद्यनिषेध के लिए जारी टॉल फ्री नंबर - 15545 पर शराब की सूचना मिली। पुलिस टीम जलालपुर गंगटी गांव पहुंची। टीम को देखकर 50 साल के बुजुर्ग राजेंद्र पासवान भागने लगा। भागने के दौरान ही गिरकर उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त उसके और पुलिस गाड़ी की दूरी 250 मीटर थी। मृतक राजेंद्र पासवान कटहरा थाना के करहथिया बुजुर्ग के निवासी थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम से मारपीट की। सरकारी वाहन में तोड़फोड़ किया। एक सिपाही घायल हुआ है, जिसका इलाज महुआ अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। मौके पर सीनियर पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।



जब से कंप्यूटर आया है, तब से बाहर जाकर खेलने की तो जैसे फुरसत ही नहीं मिलती तुम बच्चों को। पर क्या तुम जानते हो कि आउटडोर खेल तुम्हारे संपूर्ण विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। क्या खेलोगे, किसके साथ और कब...यह सब आज हम तुम्हें बता रहे हैं।

# बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं आउटडोर खेल



घर के बाहर जाकर खेलने के काफी फायदे हैं। तुम अपने दोस्तों के और करीब आते हो, टीमवर्क समझ आता है और तुम खूब बढ़ते हो। आउटडोर खेल ऐसे नहीं होते जिन्हें सर्दी-गर्मी के हिसाब से खेला जाए। तुम किसी भी खेल को कभी भी खेल सकते हो। बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट के अलावा कई पारंपरिक खेल भी खेल सकते हो।

## ट्रेजर आइलैंड

डोरेमॉन में तुमने इसका नाम सुना होगा। वहां जाकर नोबिता और उसके दोस्त मस्ती करते हैं। लेकिन हम जिस ट्रेजर आइलैंड की बात कर रहे हैं, उसे अलग-अलग जगहों पर कई तरह के नामों से जाना जाता है। इस गेम में दो टीम बनानी होती हैं। इसमें पहली टीम किसी भी चीज को खजाना बना कर छुपा देती है। फिर पहली टीम, दूसरी टीम के लिए क्लू बनाती है। उन क्लूज को फॉलो करते हुए उस खजाने तक पहुंचना होता है। इसमें तुम टाइमिंग भी शामिल कर सकते हो। जो भी टीम खजाने को ढूंढने में सफल हो जाती है, वह जीती हुई मानी जाती है।

## छुपन-छुपाई

यह खेल सबसे पुराना है। तुम्हारे मम्मी-पापा ने भी इसे बचपन में जरूर खेला होगा। इसमें खूब सारे बच्चे एक साथ इकट्ठे होते हैं। एक बच्चे को डेन चुना जाता है। डेन चुनने के लिए तुम अक्कड़-बक्कड़ का सहारा ले सकते हो। फिर बाकी बचे सभी बच्चे अलग-अलग जगहों पर छुप जाते हैं और डेन उन्हें ढूंढता है। जिस बच्चे को वह सबसे पहले ढूंढ लेता है, अगली बार उसे ही डेन बनना होता है। लेकिन एक को ढूंढने से ही काम नहीं चलता। उसे सभी को ढूंढना होता है। अगर कोई छुपा बच्चा पीछे से जाकर उसे धप्पा कर दे तो डेन को फिर दोबारा डेन बनना होता है।

## स्टापू

इस खेल में जमीन में चौकोर बॉक्सेज डिजाइन कर दिए जाते हैं। फिर इनमें एक से दस तक गिनती लिखी जाती है। हर बच्चा एक-एक करके दस खानों में स्टापू फेंकता है। लंगड़ी करते हुए उस पत्थर तक पहुंचना होता है और उसे पैर से खिसकाते हुए वापस लाना होता है। इस गेम से ब्रीदिंग प्रैक्टिस होती है और हमारे पैर बेहद मजबूत होते हैं।

## स्पाइंग गेम्स

ये चोर-पुलिस की तरह का गेम होता है। इसमें दो टीम होती हैं। एक टीम चोर बनती है तो दूसरी पुलिस। पुलिस वाली टीम चोर वाली टीम को खोज कर उसे कैद करती है।

## क्रिकेट

इसका जन्म इंग्लैंड में हुआ था। क्रिकेट के पहले क्लब की स्थापना 1787 में हुई थी और पहला टैस्ट मैच 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। शुरुआत में क्रिकेट में टैस्ट मैच ही खेला जाता था, वनडे मैच की शुरुआत 1971 में हुई। पहला वनडे मैच भी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया था। तुमने आईसीसी का नाम तो जरूर सुना होगा। आईसीसी का पूरा नाम इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल है। जितने भी अंतरराष्ट्रीय मैच होते हैं, सभी की रूपरेखा आईसीसी निर्धारित करती है और वर्ल्ड कप का आयोजन करती है। अब तक क्रिकेट का वर्ल्ड कप सबसे ज्यादा पांच बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है, वहीं भारत दो बार विश्व विजेता बना है।

## हॉकी

हमारे देश भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है। ब्लैकहीथ एबी एंड क्लब को हॉकी का पहला संगठित क्लब माना जाता है। इसकी स्थापना 1861 में हुई थी। हॉकी का पहला इंटरनेशनल मैच 1895 में वेल्स और इंग्लैंड के बीच खेला गया था और पहला वर्ल्ड कप 1971 में पाकिस्तान और स्पेन के बीच खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने खिताब अपने नाम किया था। जानते हो, ओलंपिक में सबसे ज्यादा आठ बार भारत ने हॉकी का मैच जीता है।





## फुटबॉल

तुममें से काफी बच्चों को फुटबॉल खेलना पसंद होगा। जानते हो इस खेल का जन्मदाता भी इंग्लैंड ही है। भारत में अंग्रेज इस खेल को लाए और यहां के लोगों को खेलना सिखाया। फुटबॉल का पहला क्लब 1857 में स्थापित किया गया। इसका नाम शेफील्ड फुटबॉल क्लब था। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा है। फुटबॉल का पहला वर्ल्ड कप वर्ष 1930 में उरुग्वे और अर्जेंटीना के बीच खेला गया था, जिसमें उरुग्वे विजेता घोषित किया गया।

## टेबल टेनिस

इस खेल का जन्म भी इंग्लैंड में ही हुआ था। वर्ष 1926 में इंटरनेशनल टेबल टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई। इसका पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच 1927 में खेला गया।

## वॉलीबॉल

वॉलीबॉल का जन्मदाता यूएसए है। 1895 में इसकी शुरुआत हुई। वॉलीबॉल की प्रमुख संस्था इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन की स्थापना 1948 में हुई और पहला वर्ल्ड कप 1949 में हुआ। तो तुम भी खेलो इसे दोस्तों के साथ।

## बास्केटबॉल

इस खेल का जन्म अमेरिका में हुआ था। 1891 में जेम्स नेस्मिथ नामक अमेरिकी ने इसे खेलना शुरू किया। पहला मैच 1930 में खेला गया। बास्केटबॉल की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डे बॉस्केटबॉल एसोसिएशन 1932 में बनी।

## पिट्ठू

इस खेल में भी दो टीमें होती हैं। एक टीम पत्थरों से बने पिरामिड को बॉल से तोड़ती है और फिर से उस पिरामिड को बनाने की कोशिश करती है, जबकि दूसरी टीम पिरामिड बनाने वाली टीम के सदस्य को बॉल मार कर आउट करने की कोशिश करती है।

## बैडमिंटन

ऐसा माना जाता है कि बैडमिंटन की शुरुआत भी इंग्लैंड में हुई। इसकी प्रमुख संस्था इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन का गठन 1934 में किया गया।



## ये होंगे फायदे

आउटडोर गेम्स से हमें कई नए दोस्त मिलते हैं, जो हमारे घर के आसपास रहते हैं और जिनसे स्कूल आने-जाने, होमवर्क और इनडोर गेम्स में बिजी रहने की वजह से हम मिल नहीं पाते। इसके अलावा, बाहर निकल कर खेलने से पढ़ाई और आसपास की तमाम दूसरी चीजों के बारे में सीख सकते हो। सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि आउटडोर गेम्स से तुम्हारा शरीर चुस्त रहेगा, भूख ज्यादा लगेगी और तुम बीमार भी नहीं पड़ोगे। इन गेम्स में कई ऐसे गेम्स भी हैं, जिनमें एक्सपर्ट होने पर तुम उस गेम की डिस्ट्रिक्ट, स्टेट और नेशनल टीम में चुने जा सकते हो, जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल। आउटडोर गेम्स से एक बेहतर कॅरियर भी मिल सकता है।





## बनी कैसे ऊन?

दोस्तों, क्या तुमने कभी यह सोचा है कि जिस ऊन का स्वेटर पहन हम सर्दी से बचते हैं, वह बनी कैसे? जरूर वो इंसान बहुत ही बुद्धिमान होगा, जिसने भेड़ को देखकर उससे ऊन बनाने के प्रयोग करने के बारे में सोचा होगा। यह माना जाता है कि बुनने के लिए ऊन का ही सर्वप्रथम उपयोग प्रारंभ हुआ। ऊनी वस्त्रों के टुकड़े मिस्त्र बैबिलोन की कब्रों, पुरातन ब्रिटेन निवासियों के झोपड़ों के साथ मिले हैं। रोमन आक्रमण से पहले भी ब्रिटेन वासी इनका उपयोग करते थे। विंचेस्टर फैक्टरी ने ऊन का तरह-तरह से इस्तेमाल करना शुरू किया। इसके बाद इसका इंग्लैंड में खूब प्रयोग किया जाने लगा। हेनरी द्वितीय ने कानून, वस्त्रहाट और बुनकारी संघ बनाकर इस उद्योग को प्रोत्साहित किया। सन् 1788 में हार्टफोर्ड (अमेरिका) में जल-शक्ति-चालित ऊन फैक्टरी आरंभ हुई। ऊन सफेद, काले और भूरे रंग में ही मिलती है। पालतू भेड़ों की ऊन सफेद रंग की होती है। रंगीन ऊन सबसे अधिक पुरानी नस्ल की उन भेड़ों से मिली है, जो कालीन बुनने लायक मोटे किस्म की ऊन पैदा करती हैं।





# नीदरलैंड में है दुनिया का पहला माइक्रोब जू

**नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में दुनिया का पहला माइक्रोब जू यानी सूक्ष्म जीव 'वाटिका' खुला है। माइक्रोपिया नामक इस जीव-जंतु वाटिका को शहर के उस जंतु पार्क 'आर्टिस' में खोला गया है जिसकी स्थापना 176 साल पहले हुई थी। यह दुनिया की सबसे पुरानी जीव-जंतु वाटिकाओं में से एक है।**

140 वर्ष पुरानी इमारत में रखा एक खूबसूरत भूरे रंग का बक्सा बैक्टीरिया, फंगस, काई तथा अन्य एक कोशिका वाले जीवों का आवास है। ये वे जीव हैं जिन्हें नंगी आंखों से देखा नहीं जा सकता परंतु धरती पर जीवन इनसे ही संभव है। वैज्ञानिकों का विश्वास है कि सूक्ष्म जीवों में से केवल 1 प्रतिशत के बारे में ही आज तक इंसान जान सका है। कई लोगों के लिए सूक्ष्म जीव नफरत व भय की भावनाएं पैदा करते हैं। दरअसल, यह डर उस चीज से है जिसके बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है और लोगों के मन से सूक्ष्म जीवों के बारे में इसी डर को दूर करना इस जीव-जंतु वाटिका का पहला मकसद है। हेग कहते हैं कि यदि हम प्रकृति को जानना चाहते हैं तो हमें सूक्ष्म जीवों को भी जानना होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार इंसान इन सूक्ष्म जीवों से बेशक नफरत करता हो लेकिन हर इंसान का शरीर अरबों सूक्ष्म जीवों का घर होता है। केवल इंसानों की एड़ी में ही 80 प्रकार के अलग-अलग सूक्ष्म जीव पाए जाते हैं। इस बात की पुष्टि के लिए यहां आने वाला हर व्यक्ति अपने शरीर का बॉडी स्कैन करवा कर देख सकता है।

चाहें तो यहां एक अन्य दिलचस्प तरीका भी है। एक जगह फर्श पर लाल रंग का दिल बना है। जैसे ही यहां खड़े होकर कोई जोड़ा एक-दूसरे का चुम्बन लेता है, करीब लगे 'किस' मीटर की स्क्रीन पर नम्बर बढ़ते जाते हैं, जब तक कि मीटर में से संदेश न आने लगे कि 'आप दोनों ने अभी 10 लाख सूक्ष्म जीवों का आदान-प्रदान किया है।' माइक्रोपिया में दिखाया जाता है कि सूक्ष्म जीव कैसे जीते हैं, कैसे भोजन करते हैं और कैसे प्रजनन करते हैं? बैक्टीरिया इतने छोटे होते हैं कि एक सूई की नोक पर 10 लाख बैक्टीरिया आराम से समा सकते हैं। डच विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञानी इन धारणाओं पर 12 साल से अधिक वक्त से माथापच्ची कर रहे हैं।

यहां उन सूक्ष्म जीवों को प्रदर्शित किया गया है जो कृत्रिम वातावरण में भी जीवित रह सकते हैं। खतरनाक बीमारियां फैलाने वाले एड्स वायरस जैसे सूक्ष्म जीवों को केवल मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। सूक्ष्म जीवों को देखने के लिए यहां माइक्रोस्कोप के लैंस के साथ जोड़ा गया एक थ्री डी टैलिस्कोप है, जो नंगी आंखों से न दिखने वाले सूक्ष्म जीवों को हजार गुणा बड़ा करके दिखाता है।

## इनका रखो ध्यान



- आउटडोर गेम्स के साथ इतनी सारी अच्छी बातें जुड़ी हैं, लेकिन फिर भी कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इन बातों का ख्याल रखने पर ही आउटडोर गेम्स खेल कर भी तुम पढ़ाई को और परिवार को पूरा टाइम दे सकते हो।
- सबसे पहले तो खेलने के लिए ऐसी जगह चुनो, जो घर के आसपास हो, यानी जहां से घर वाले तुम्हें आवाज देकर बुला सकें। अगर आसपास खेलने की जगह नहीं है तो अपने पड़ोस के दोस्तों के साथ करीब की किसी जगह पर खेलने जा सकते हो, लेकिन रोज नहीं। और इस जगह के बारे में घर वालों को पता भी होना चाहिए।
- ऐसे दोस्तों के साथ खेलना शुरू करो, जिन्हें तुम पहचानते हो या जो तुम्हारे ही जैसे हों। बाहर खेलने का यह मतलब नहीं है कि तुम इनडोर गेम्स को पूरी तरह गुडबाय कह दो, क्योंकि एक तो इनसे भी तुम्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है, दूसरे आउटडोर गेम्स रोज नहीं खेले जा सकते।
- ज्यादातर ऐसे गेम्स के लिए टीम की जरूरत पडम्ती है और कभी-कभी दोस्तों का बाहर आकर खेलने का मन नहीं होता। अगर इन सारी बातों का ध्यान रखोगे तो तुम्हें आउटडोर गेम्स के बहाने एक नई दुनिया देखने को मिलेगी। नए दोस्त बनेंगे, फिजिकल फिटनेस रहेगी और कई सारी नई बातें भी सीख सकोगे। तो फिर देर किस बात की है, तुम अपने आसपास के दोस्तों के साथ मिल कर गेम प्लान करो और खेलने के लिए तैयार हो जाओ।

